अब मैं ड्रेन नम्बर ८ के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । मैं सात साल से उस के खिलाफ जुटा हुआ हूं । मैंने कई दीवानी दावे भी किये हैं । मैं चाहता हूं कि इस बारे में जुडिशल एन्क्वायरी हो और जिन लोगों ने यह बंगल किया है, उन को वाकायदा सजा मिले । रोहतक के शुमाल की तरफ से गोहाना तहसील में बरसाती नाला शुरू होता है, मामूली सा, छोटा सा नाला, जिसका नाम ड्रेन नम्बर ८ है । यह बरसाती नाला तहसील झज्जर में जा कर खत्म होता है, लेकिन वह किसी दरिया, समुन्दर या झील में नहीं गिरता है । यह बरसाती नाला पांच हजार बरस से नहीं तो दो हजार बरस से चलता रहा है । किसी के दिमाग़ में यह स्कीम आई कि रेवाड़ी के ऊंचे हिस्से को पानी दिया जा सकता है । कैसे ? इस ड्रेन में अम्बाला, करनाल की तरफ की और ड्रेनें डाल दी जायें । उस वक्त मैं पार्लियामेंट का नहीं, असेम्बली का मेम्बर था । जिले की एडमिनिस्ट्रेटिव कमेटी जो होती है, उसकी मीटिंग में जो कहा गया, पंजाब एसेम्बली के दूसरे मेम्बरों की जो तकरीरें हुई हैं, उनको मैं लाकर दिखा सकता हूं । वे हाउस में चिल्लाये कि खुदारा, तहसील रोहतक और झज्जर को न डुबोओ । कांग्रेस कमेटी के प्रेजिडेंट की तकरीर मौजूद है । साबिक मिनिस्टर, चौधरी शेरसिंह की तकरीर है । पंजाब एसेम्बली के तमाम मेम्बरों ने कहा कि ड्रेन नम्बर ८ को चौड़ा न किया जाये और करनाल और अम्बाला का पानी इसमें न डाला जाए, ६०० क्यूसिक का यह नाला है, अगर इसमें और पानी डाल दिया गया, तो आगे कोई लेक नहीं है, दरिया नहीं, समुन्दर नहीं है, इसलिये यह पानी आगे चल कर लोगों को डुबोयेगा ।

इस सिलसिले में मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि यह गलत है कि पहले रोहतक में ब्रीच हुआ ? रोहतक में ब्रीच होने से पहले छः ब्रीच हो चुके थे और सातवां ब्रीच टाउन के पास हुआ । उन छः ब्रीचिज ने तहसील गोहाना, कैथल और हिसार की वह हालत कर दी थी कि बड़ौदा बटाना एक गांव है, उसके साढ़े ग्यारह मील के फासले तक मुरदा फूंकने की जगह नहीं थी । हैजा हो जाने से बहुत आदमी मरे थे। गुड़ की कड़ाहियों में लाशें डालकर और उसमें तेल डालकर आग लगा दी जाती थी । हकु ; ; एन्क्वायरी करे कि यह बात सच है या गलत है । लेकिन डी० सी० ने कहा कि यह नार्मल फीचर है, यह पानी बहा ही करता है बरसात में । बदकिस्मती से चौधरी रणबीर सिंह को चोट लगी हुई है । उनका गांव बहुत बड़ा गांव है । तकरीबन सारे गांव डूब गये गोहाना में । उसके साथ सब गांव, जो मैंने पंडित जी को दिखाये हवाई जहाज में, भी डूब गये । श्री पंजाबराव देशमुख हमारे साथ थे । वह यह देख कर हैरान हुये कि यह कितना झठा इल्जाम है कि रोहतक के लोगों ने मदद नहीं की । गांव के बाहर पानी खड़ा है आठ नौ फीट और गांव सूखा और ड्राई है । उन बहादुर लोगों ने बाहर बांध बांधा और अन्दर से पानी

(श्री० प्रा० सिं० दौलता)

फका । फसल बरबाद हुई, लेकिन गांव में पानी नहीं भरने दिया गया । अगर रोहतक के बाजारों के लोगों ने कुछ नहीं किया और भाग गये, तो वे बुजदिल हैं। लेकिन यह कहना कि रोहतक के बहादुरों ने फ्लड में मदद नहीं की, उन बहादुरों के साथ बे-इंसाफी है, जो रोहतक और हिसार के देहात में फैले हुये हैं । हवाई जहाज से एक गांव भी ऐसा नहीं दिखाई दिया, जहां गांव के लोगों ने गांव की आबादी में पानी जाने दिया हो । हां, जो बहुत लो लाइंग थे, वे डूब गये । उन लोगों ने दो तीन मील बाहर डेरे डाल दिये । वे दिल्ली या झज्जर नहीं गये । यह जो प्राबलम है, वह उस वोकल अरवनाइट का है, जो बोलना ज्यादा जानता है, और प्रैस में फोटो निकलवाना जानता है । रोहतक की जनता ने फ्लड्ज का मुकाबला डट कर किया है । नेहरूजी या श्री मेनन का यह इल्जाम गलत है कि वे भाग गये । हां, रोहतक के बाजारों में से तो भागने ही थे । वहां अफवाह फैलेगी, तो लोग भागेंगे ही । मैं अर्ज करना चाहता हूं कि रोहतक के लोग फ्लड्ज से नहीं भागे । एक चौथाई हिस्से में तीन, चार फीट से ज्यादा पानी नहीं है । प्रैस की सनसनीखेज न्यूज ने यह कह कह कर कि मारे गये, मारे गये, आ गया, आ गया, लोगों को भगा दिया । रोहतक में मेरा घर है । मैं रोज मीटिंग अटेंड करने जाता हूं । रोहतक से ज्यदा तो हांसी की बरबादी हुई है । मैं अर्ज करना चाहता हूं कि उस ड्रेन में सात सौ क्यूसिक वाटर जिन इंजीनियरों ने हमारे प्रोटेस्ट के बावजूद, कौंसिल और असेम्बली में आवाज उठाये जाने के बावजूद डाला है, वे ही इस बरबादी के जिम्मेदार हैं । वह पानी झज्जर में कहीं झील में नहीं जाता है । आर्मी ने इन पांच सात दिनों में जो एचीवमेंट की है, वह यह है कि जो पानी रोहतक में जाना था, उसको आगे देहात में फैंक दिया । यह कोई साल्यूशन नहीं है । आखिर देहात के लोग भी आदमी हैं । इस पानी ने यह गुस्ताखी की कि सातवीं बार वह रोहतक के पास टूट गया । वर्ना पहले वह छः बार देहात में टूटा था, छः ब्रीचिज हो चुके थे, किसी ने आर्मी नहीं बुलाई थी । मैं यह कहना चाहता हूं कि रोहतक की फ्लड प्राबलम सिर्फ रोहतक टाउन की प्राबलम नहीं है । एक भी मकान नहीं गिरा । वहां आये दिन बारिश होती है । लेकिन जहां ड्रेन नम्बर ८ गिरता है, वहां बहुत बरबादी हुई है । मैं एक बड़े सीनियर आर्मी आफिसर को दिखा कर लाया हूं । डी० सी० की रिपोर्ट उसने आर्मी में भेज दी थी कि मेरा इलाका ठीक है, देहात का मेरा इलाका ठीक है और साहबी नदी और ड्रेन नम्बर ८ का जहां टकराव हुआ है, वह बड़ी भारी झील है, अगर किसी को शौक है झील में सैर करने को, तो वह देख सकता है । मैं यह कहना चाहता हूं कि देहात का कोई कच्चा मकाननहीं है, जो न गिर चुका हो और बीमारियां फैली हुई हैं । डी सी० की रिपोर्ट के क्या मानी हैं ? मैंने परसों शाम उससे पूछा कि आज उन्नीस दिन आपको रोहतक से निकले हो गये, यह रिपोर्ट जिसकी नक्ल मैं आर्मी हैडक्वार्टर्स से लाया हूं, आपने किस बिना पर दी है । हम लोग पिछले उन्नीस दिनों से देहात में हैं और रोहतक जिले में फिर रहे हैं, क्या हम बे-ईमान हैं ? उन अफसरान को, जिन्होंने वजीर इरिगेशन की खुशामद करने के लिये इस ड्रेन में रोहतक और करनाल का सारा पानी डाल दिया, उनको सजा दी जाये । यह हुकूमत डिपार्टमेंटल एन्क्वायरी के लिये पंजाब गवर्नमेंट पर जोर दे, वर्ना यह हाउस जुडिशल एन्क्वायरी के लिये जोर देगा ।

14 hrs.

पंजाब का सूबा अनाज पैदा करके आपको देता है । अनाज पैदा करके दूसरे कुछ सूबे भी देते होंगे लेकिन पंजाब भी काफी अनाज पैदा करके आपको देता है । लेकिन सब से बड़ी बात तो यह है कि जो सिपाही पंजाब पैदा करके आपको देता है, उस तरह के सिपाही दूसरे सूबे पैदा करके नहीं दे सकते हैं । श्री

मेनन ने एक बार कहा था कि मशीन का युग आ गया है, यह साइंटिफिक एज है, वैपंस की एज है। उन वैपंस को चलाने के लिये उनका इस्तेमाल करने के लिये जिस तरह के लोगों की, जिस तरह के सिपाहियों की जरूरत है, वे पंजाब ही आपको दे सकता है। अगर आपका यही रवैया रहा तो जो रिक्रूटिंग वेस है आदमियों की वह खत्म हो जायेगी। यह न समझ लीजिये कि जो चार पांच आदमी लम्बे चौड़े आप यहां देख रहे हैं ये इसी तरह से आगे भी चलेंगे, इस तरह के आदमी धीरे धीरे खत्म हो जायेंगे, यह जो नस्ल है यह खत्म हो जायेगी...

[شری اے - ایم طارق - دیوان چند شرما جی بھی پنجاب کے ہی ہیں]

श्री अ० म० तारिक (जम्मू तथा काश्मीर) : दीवान चन्द शर्मा जी भी पंजाब के ही हैं।

Shri P. S. Daulta: He is not a Punjabi. Punjabi means rural Punjabi; 'Dehati' Punjabi. A bania is a bania; whether in Madras or Punjab. What difference does it make?

मैं अर्ज करना चाहता हूं कि पंजाब की जो बहादुर नस्ल है वह धीरे धीरे खत्म होती जा रही है। पंजाब के लोग बड़े पीसफुल हैं, बड़े पुर-अमन हैं, मुल्क के बड़े वफादार हैं। वे अगर कोई एजीटेशन भी करते हैं तो उसको भी पीसफुली चलाते हैं। अगर कोई बेवकूफी भी करते हैं, तो भी पुरअमन रहते हैं। १५००० आदमी जेल वे भेज सकते हैं लेकिन बंगाल और असम की तरह से कोई हरकत नहीं कर सकते हैं। वे बहादुर हैं, रिसपैक्टेबल पंजाबी कौम है और अगर वह आपकी वजह से बरबाद होती है तो यह अच्छा नहीं होगा। आये साल वहां फ्लड आ रहे हैं लेकिन कोई उनको रोकने की कार्रवाई नहीं की जा रही है। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि ज्यादा से ज्यादा ग्रांट जो आप पंजाब को दे सकते हैं दें और पंजाब की मदद करें।

श्री पदम् देव (चम्बा) : सभापति महोदय नदियों के संबंध में यह कहा जा सकता है कि वे बरदान भी हैं और अभिशाप भी हैं। नदियों के कारण हमारा देश हरा भरा और सर-सब्ज भी है और कभी कभी नदियां उच्छृंखल जब हो जाती हैं तो हमारी जो जो योजनायें हैं, वे धरी की धरी रह जाती हैं, वे बरबाद हो जाती हैं।

हिमाचल प्रदेश में जो अभी बाढ़ आई है, उस तरह की बाढ़ पहले कभी नहीं आई। यह बाढ़ सरकार की अदूरदर्शिता के कारण आई है। यह कोई भगवान की तरफ से अभिशाप का नतीजा नहीं है। हिमाचल में जो जंगल हैं, उनको जिस वक्त काटा जाता है, तो जो मलबा होता है, वह वहीं पर पड़ा रहने दिया जाता है, उसको इधर उधर करने का कोई प्रबन्ध नहीं किया जाता है। जब बारिश होती है तो पानी इकट्ठा हो जाता है और उसका परिणाम बाढ़ों के रूप में सामने आता है। इस तरह की बाढ़ न केवल हिमाचल को बल्कि सारे हिन्दुस्तान में जहां जहां उन नदियों का संबंध होता है, नुक्सान पहुंचाती है। साथ ही साथ हिमाचल में जंगलों को बड़ी बेदर्दी से काटा जा रहा है। जब से हम आजाद हुये हैं तब से कोई नये वृक्ष तो लगाये नहीं जा रहे हैं, पुराने काटे जा रहे हैं और इसका परिणाम यह है कि बाढ़ें आती हैं। जब भारी वर्षा होती है तो पानी सीधे नीचे आता है और नीचे आकर जहां हिमाचल की अच्छी जमीन को उसकी मिट्टी को बहा ले जाता है, वहां बाढ़ भी आती है।

इसी तरीके से हिमाचल में जहां सड़कें और पुल बन रहे हैं उसकी ठीक ढंग से योजना न होने के कारण जमीन कटती है और उसके पश्चात् जमीन गिर करके बाढ़ लाने के परिणाम में हमारे सामने आती है। जहां पर कूलें बन रही हैं, उनका भी यही हाल है। पहले इस देश में जो इंजीनियर लोग थे या ठेकेदार थे, वे जब सड़कें बनाते थे, कूलें खोदते थे तो उसके अन्दर एक विशेष शर्त होती थी कि अगर गलत तरीके से कोई काम हुआ तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

[श्री पद्म देव]

उनके विरुद्ध मुकदमे चलाये जाते थे। लेकिन जब से हम आजाद हुये हैं, सबको आजादी मिल गई है कि चाहे कोई किधर से ही सड़कें निकाले, किधर से ही कूलें बनाये, किधर से ही ड्रेनेज बनाये। सबको खुली छुट्टी है। इससे देश तबाह होता है। इस तरह की चीजों को कोई आज पूछने वाला नहीं है। जब कोई इस तरह की घटनायें घट जाती हैं तो सारा ब्लेम कुदरत के सिर पर मढ़ा जाता है कुछ और तरह से उसको किसी पर डालने की कोशिश नहीं की जाती है।

एक बात यह भी है कि जो भूमि अकृषि योग्य पहले समझी जाती है, वहां पर भी आज बड़े जोरशोर से खेती हो रही है और एक होड़ सी लगी हुई है जिसके कारण जमीन पोली हो जाती है और जब वर्षा होती है तो बाढ़ आती है और वह हिमाचल को ही बरबाद नहीं करती बल्कि दूसरों की बरबादी का कारण भी बनती है।

अभी हाल में जो मंडी में बाढ़ आई है उसका सब से बड़ा कारण एक सड़क और एक पुल है। सुकेती खड एक नदी है, उसके पानी को रोका गया और थोड़े से आउटलेट थे। जिस वक्त बरसात में रात को बड़ी भारी वर्षा हुई तो उस वक्त पहले तो पानी रुका और बाद में पानी टूटा और उसका नतीजा यह हुआ कि जितने भी उसके इर्दगिर्द गांव थे, वे सब के सब पानी में डूब गये, नष्ट भ्रष्ट हो गये। इस समय तो ठीक तरह से नहीं कहा जा सकता कि कितनी जानें गई हैं और कितनी सम्पत्ति का नुक्सान हुआ है। हमारे जो लोकल वर्कर हैं, जिन्होंने कि वहां काम किया है उनका कहना यह है कि ४० लाख के करीब का नुक्सान हुआ है और ६५ जानें गई हैं। अखबारों में अनुमान यह लगाया जा रहा है कि २५० के करीब आदमी मरे हैं। या १५० के करीब मरे हैं। लेकिन ये सरकारी फिगर्स नहीं हैं। अभी तक वहां पर किसी किस्म का सर्वेक्षण नहीं किया गया। वहां के उपराज्यपाल ने, ऐसा कहा जाता है, हैलीकोप्टर के लिये दरख्वास्त की है और अगर वह दे दिया गया तो वह जाकर उस इलाके का निरीक्षण करेंगे। लेकिन अभी तक जो गैर-सरकारी एजेंसियों से खबरें प्राप्त हुई हैं उनसे पता चलता है कि ६५ जानें गई हैं और ४० लाख के करीब सम्पति का नुक्सान हुआ है। वहां पर जितने मकान थे वे सब के सब मिट्टी के थे गिर चुके हैं। उन मकानों में ज्यादातर मुजारे लोग रहते थे। उन गरीबों का उसके बाद से कोई सहारा नहीं रहा, उनके पास रहने के लिये मकान नहीं रहे, उनके पास जो थोड़ा बहुत अनाज था, बीज था या दूसरी वस्तुयें थीं, या थोड़े बहुत कपड़े थे वे सब बरबाद हो गये हैं। जो बाढ़ वहां अब आई है वैसी बाढ़ इतिहास बताता है या वहां के जो बूढ़े लोग हैं वे बताते हैं, पहले कभी नहीं आई। बूढ़े लोग बताते हैं कि न तो उन्होंने इस किस्म की बाढ़ पहले कभी देखी है और न ही इस तरह की बाढ़ की बात उन्होंने अपने पूर्वजों से सुनी है। इस बाढ़ का सब से बड़ा उत्तरदायित्व सरकार पर आता है और अगर आप इसकी जांच करें तो यह तथ्य सिद्ध हो जायेगा।

सभापति महोदय, मैं आपके द्वारा भारत सरकार से और हिमाचल सरकार से प्रार्थना करूंगा कि जो फौरी कदम उठाये जाने हैं, वे जल्दी से उठाये जाने चाहियें। इस वक्त वहां जरूरत इस बात की है कि लोगों को अन्न दिया जाये, औषधियों का प्रबन्ध किया जाये, कम्बल लोगों को दिये जायें, टैंट्स लगाये जायें। लोगों के पास मकान नहीं हैं, खाने के लिये रोटी नहीं है। वह इलाका कुछ गर्म है, मलेरिया जैसी बीमारियां भी वहां फैलती हैं और बहुत संभव है कि हैजा इत्यादि भी फैल जाये। इस वास्ते सरकार को चाहिये कि फौरन ही वहां पर सहायता कार्य शुरू करे। यह तो आज करने की चीजें हैं। कल जो करने की चीजें हैं वे ये हैं कि मकान बनाने के लिये सबसिडी दीजिये, लकड़ी

लोगों को मुफ्त दी जाये ताकि लोग रहने के लिये मकान बना सकें । सर्दियां आ रही हैं और अगर इन चीजों का प्रबन्ध अतिशीघ्र न किया गया तो लोगों के ऊपर बड़ी भारी मुसीबत आ पड़ेगी और लोग अपने आपको सम्भाल नहीं पायेंगे । बीज इत्यादि का उनके लिये प्रबन्ध होना चाहिये तथा और जो उनकी आवश्यकतायें हैं, उनको पूरा किया जाना चाहिये ।

लोगों के पास जो बैल थे वे खत्म हो गये हैं, समाप्त हो गये हैं भूमि सारी खत्म हो गई है फ्लड के कारण और इन चीजों का भी उनके लिये प्रबन्ध किया जाना चाहिये ।

आगे के लिये जो कार्य करने को हैं, उनकी तरफ भी आपका ध्यान जाना चाहिये । बाढ़ों के जो कारण मैं आपको बता चुका हूं उन कारणों पर आपको विचार करना चाहिये और बाढ़ें न आ सकें, ऐसा उपाय करना चाहिये । उस नदी के कारण उस इलाके में पहले भी एक बार ऐसा हुआ था और बाढ़ आई थी लेकिन उस वक्त वहां पर मिनिस्टरी थी और उसने फौरन बांध वगैरह बांध दिये थे और कुछ अर्से तक ऐसी घटनायें नहीं घटी थीं । लेकिन यह तो मैंने जैसे कहा पुल बांध दिया और एक सड़क निकाल दी जिसके कारण पानी रुक गया और उस पानी के कारण वहां पर बाढ़ आई । मैं चाहता हूं कि आइंदा के लिये सरकार इस किस्म की योजना बनायें जिससे कि नदी का परमानेंट बहाव जो है वह ठीक ठीक चैनल से हो ताकि जो उपजाऊ भूमि है वह काम में आ सके और इस किस्म की घटना भी भविष्य में न घटने पाये । यदि सुकेती खड को इस तरह से ठीक चैनल से ले जाने का प्रबन्ध किया जायेगा तो उसका परिणाम यह होगा कि भूमि बच जायेगी और उसमें खेती आदि ठीक तरह से की जा सकेगी । अभी तो नदी और भूमि तकरीबन एक ही तल पर है । उसके लिये अभी तक कोई चैनल नहीं बनाया गया । उसमें हमेशा बहुत थोड़ा पानी रहता है । पानी वहां पर बरसात के दिनों में ही जमा होता है । इसके चारों तरफ पहाड़ हैं । जैसे मैंने कहा वहां जंगल कट चुके हैं और उसके कारण पानी एकदम से इकट्ठा हो जाता है । यह पानी भी रात को इकट्ठा हुआ और जो बाढ़ आई वह भी रात के समय आई । रात को लोग सोये हुये थे और सोये सोये ही वे काल के गाल में चले गये । उन बेचारे गरीब लोगों को भाग कर जान बचाने तक का मौका नहीं मिला । मैं चाहता हूं कि सरकार फौरन उन लोगों को बसाने का प्रबन्ध करे । बाकी देश में तो लोग पढ़े लिखे है । जैसा अभी चौधरी साहब ने कहा कि इतना नुक्सान नहीं हुआ जितना शोर हुआ, लेकिन वहां तो कोई बोलने वाला नहीं, कोई वहां की खबर लेने वाला नहीं, कोई शोर शराबे की बात नहीं । माना कि सरकार की तरफ से हेलिकाप्टर की मांग हो रही है, लेकिन वहां तो लोग मर भी चुके हैं, पानी भी उतर गया है और कहीं पता नहीं कि उन के साथ क्या क्या गुजरी । इस लिये मैं चाहता हूं कि सरकार इस जगह के लिये भी थोड़ा ध्यान करे और उसके लिये प्रबन्ध करे ।

इन शब्दों के साथ मैं सरकार से अपील करूंगा कि पुनः वह उस इलाके की ओर ध्यान दे और जो भी सहायता उस इलाके की हो सकती है उसे करने की कृपा करे ।

Shrimati Renu Chakravartty (Basirhat): Mr. Chairman, Sir, once again floods have enveloped many parts of India. This year, it is not only abnormal flood, but in almost every place—at least I know in Orissa—this year's flood has been unprecedented. In Orissa, there are about 500 breaches—major and minor—in the roads. I am reading out the official figures. I am sure my friends like Shri Surendranath Dwivedy, who have gone there, will be able to tell us whether it is even more than 500 breaches. In 166 places, rivers and canal embankments have been

[Shrimati Renu Chakravartty]

damaged. 1 lakh people are living in a homeless state and 20 to 30 lakh acres of crops have been damaged. 50 per cent of the crops of Orissa have been lost.

Just now we have heard about the situation in Punjab. 2 or 3 districts have been enveloped in these floods. In Himachal Pradesh, 140 people have been killed. These are the official figures, but actually sometimes it is much more. In Orissa 49 people have died according to official figures. But it may be much more. I am basing myself on official figures. Lastly in Bihar there is the district of Darbhanga which has also become affected with floods.

When the Prime Minister spoke yesterday, he said that much of it is exaggerated. Today there is a new angle being brought into every discussion. Everything seems to be exaggerated. In regard to the Assam situation, newspapers are supposed to have exaggerated. In the question of floods, there too it is exaggeration. I would like to know what the Government was doing, specially when we had a small discussion on the calling attention notice on Orissa floods. We are told that till the M.Ps. from Orissa went to see the Prime Minister, on August 24, he did not have much information at all about the floods. Yet, we are told by our Orissa friends that on the 15th August, already the railway trucks were covered with water and the Calcutta papers already flashed the news on the 15th and 16th August. What is the news that our Central Government has? We are told we have to function through the State Governments. No doubt it is so. But in regard to Assam, we find that such terrible happenings took place and yet the Government did not know; the Central Government did not move. Here in regard to the floods, the same thing happened. Till the 24th, we are told they did not know very much.

After Shri P. K. Deo asks:

> "After the S.O.S. was received from the State Government to the Central Government, may I know what concrete steps were taken by this Government in that regard?"

—before the S.O.S. was received, he had no information—the Prime Minister replies:

> "I have no idea whatsoever."

This is the type of things that really cause concern to this House. Apart from the question of the lateness of the news, I think the way the Prime Minister spoke causes concern. He says, "I am not afraid of floods". He said this again and again earlier when the Assam floods and West Bengal floods took place. He said, "I am not afraid of floods; after all, there is a good side and a bad side. The good side is, we have more alluvium spread on the soil".

Nobody is afraid of floods in absolute terms. But when one sees the havoc that it creates in the way of homelessness and loss of life, one is afraid. I know in West Bengal we had a bad flood last year. Do you know that even today if you go to the villages, with all the publicity of build-your-own-house schemes, you will find that those homeless people are living in the same destitute condition? You go to the schools which have been levelled down as a result of the floods. You write and write to the district headquarters or to the State Government; nothing is done till today.

Take the question of destruction of crops. My friends here may not agree that Orissa is a surplus State, but it is one of the very few States which has a little more by way of agricultural production than any other State. Now, Punjab and Orissa have been hit by floods. This is a very serious thing. What are we to do about this? At least immediately if we can believe that the Government will quickly

provide *dalua* and *rani* seeds which are quick-growing seeds, which will produce paddy and other crops, then for the time being at least, the poor farmer would be able to do something. But we know even that is not being done. That will come when the whole season is over. From all these points of view, people are afraid of floods, because they wreak vengeance on them, their families and on the entire national economy.

Now, the Prime Minister says,

> "What can we do? Here are these floods which came with amazing suddenness."

It is not a question of amazing suddenness. It is a question of floods becoming worse year after year. The Prime Minister says, "not all the magic of the modern world" can stop Nature's course. Again he says:

> "What can be done is to regulate them, see that they do less damage and more good."

He says, "the drainage should be good". It is just the opposite. We are seeing that in every place every year the flood is more devastating than the year before. I can specially speak of the delta areas, areas near the sea mouth, as the rivers come down into the plains.

One question is being raised at every stage. The silting up of the rivers is proceeding at such a fast rate that even with some amount of water which used to go down the hills earlier, we have more devastation, because these rivers themselves cannot contain the water. This is a very very important aspect. Every time we raise it, we are told, we are doing research about it in the Poona station. We have got our rain gauges and we are gauging the water. After two years, the same answer comes. This is a very important question. What about the desilting of the rivers? Without that, floods are not going to be reduced, because I know they cannot be solved completely.

About the reservoirs, I do not know so much about Hirakud, but I certainly know about the DVC reservoirs. They were made as a flood-control measure and the water was to be used for the purpose of irrigation and power. Now what has happened? As a result of the building of these reservoirs another thing has happened that during the winter months, when actually the volume of water used to go down and scour to the lower reaches of the rivers, nowadays that is not being done, as a result of which the desilting process becomes even more difficult and more retarded. So, this question of desilting is a very important problem.

Of course, we have sometimes raised the question of dredging because we do not know what else to suggest. Our Government does not tell us what are the flood-control measures they are taking, except building reservoirs. After building the reservoirs, they tell us—Shri Hathi tells us—every State has a master plan. But let us know what is contained in the master plan. We know the reservoirs and we know the afforestation programmes. We suggest, at least dredge out the mouths of the rivers. We are told that this is something which cannot be done because it is too expensive.

As far as Punjab and Delhi are concerned, there is another peculiar thing that we hear every time. When we talk of the drainage in other parts of India, we say that the excess water cannot be thrown out by the rivers and there is no outlet. Here the sullage and the sewerage get mixed up with it, that is, the drainage in the pipes. The entire sullage system and the sewerage system seem to be very defective. It happened in Delhi and, this time, it happened in Rohtak. This is not floods but this is another fantastic thing. I even say it is really a disgraceful piece of work and the hon. Minister should explain as to how is it that such a scandalous and, shall I say, even criminal thing can be allowed to happen in a town like Rohtak. There is also the question of

[Shrimati Renu Chakravartty]

waterlogging here, and the question of water-logging has been raised in this House again and again. Large areas in Punjab, we are told, have become water-logged.

Now what is it that we are going to do about it? Is it that we lay ourselves in the hands of God and say "whatever is to be, is to be"? Then, of course, we do not need a Ministry, we do not need a research centre and we do not need the Central Water and Power Commission. We want to know what is going to happen. The more you have these canals, the more you have these reservoirs, it seems the level of water in Punjab is rising. It is a very serious thing and this question of water-logging again has been an additional difficulty adding to the flood devastation.

Then there is the question of the total plan. There must be a total plan. We should not only talk about a master plan for each State. Actually what happens? When people see flood waters coming in, in desperation they raise the bunds. Since they cannot do anything else, they raise the bunds. Because, they feel that is the only way to save their crops in that particular area. They do not do it properly and may be they do not do it in the right way and at the right place. As a result of it, further complications arise about drainage. What is your total plan? I am told that in Orissa after the 1955 floods there was an expert committee. I think it was a State committee. How far did our Central Government help them in this? I believe the committee has not yet submitted its report and now once again Orissa is in the midst of another big flood.

We are told that we are spending money. For example, I am told that, as far as Orissa is concerned, in the First Plan they were allotted Rs. 4 crores for this work. It was reduced later to Rs. 2 crores and actually they spent Rs. 1.17 crores. Even this amount, I am told, has been spent on two works, which have been wiped out by this one flood. Now, what is it that we are doing? Are we really having a plan? Do we really know what we are about today? We quite agree with the Prime Minister that we cannot wipe out floods just by one stroke of the pen or by a magic wand. But, certainly, when the situation becomes worse year after year, we must ask what is it that we are doing about drainage, how are we tackling this question of desilting, how are we tackling this question of water-logging and what are we doing about the sullage and sewerage system. These are the questions that have to be replied to by the hon. Minister in his reply.

Not only that. In Orissa—I again refer to Orissa because we come from that part of India, the eastern part—every year it happens; there is no doubt about it. But in British times, I am told, they at least used to take some precautions. It is no use saying that it suddenly came up. These floods in Orissa were there even earlier. But in British times, I am told, about the 15th of June all the district magistrates and all the local officers used to meet together and decide the places at which the embankments have become weak, the places at which bridges must be strengthened and the breaches must be stopped, what things they should take cognizance of, how they are going to fight it, how are they going to attend to the repairs and how relief work must be attended to. After independence, no such thing is being done. There is a sense of complacency, I would rather say callousness, about it.

Then there is the question of relief. As far as Orissa is concerned, the towns are not affected in that way. But, certainly, thousands of acres of land, and villages after villages have been completely submerged. So, the people are living in a worse situation. So, at least doles should be given till test relief measures are instituted. Also, medical relief should be given.

I do not know how much relief work has been done by the social welfare organisations and what assistance Government have given to Orissa in this matter. Also, there is the question of subsidising the price of rice, as there is no such thing as rationing in that place the need is to give cheap rations, open golas. Another very important thing is, as water moves away, the peasants must be supplied with *Dalua* and *Rani* seeds in time. Also, they must be granted taccavi loans for the rabi crops; the land rescue should be exempted. These are some of the important relief measures. But, above all, there must be a total plan for fighting these floods. We want to know what the Government are doing about these important measures.

It is no use just telling us, or preaching to the people, that these are inevitable. A situation in which we depend for everything on God, we are not prepared to accept. When we accept planning, when we say that we are going to do something about agricultural production, then, certainly, we have to tell the people that we are doing something, if not to eliminate, at least to reduce the severity of the floods and year by year we are going towards the ideal of eliminating these floods.

पंडित ठाकुर दास भार्गव (हिसार) : जनाब चेयरमैन साहब, अभी आपने उड़ीसा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश का जिक्र सुना और कल पंडित जी की तकरीर भी सुनी जिसकी आज हमारी बहिन श्रीमती रेणुचक्रवर्ती ने तनकीद की है।

मैं सबसे अव्वल गवर्नमेंट का और खास तौर से पंडित नेहरू का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि जिन्होंने एक ऐसी मुसीबत के वक्त में रोहतक के वास्ते इतनी बड़ी मदद भेजी, आपने अखबार में पढ़ा होगा कि एअर के जरिये दो लाख बोरे मिट्टी के वहां गिराये गये और भी डाले जा रहे हैं और मालूम होता है कि रोहतक की सिचुएशन पहले से किसी कदर बेहतर हो गयी है।

14·27 hrs.

[SHRI JAGANATHA RAO *in the Chair*]

लेकिन मैं अदब से अर्ज करना चाहता हूं कि जिस तरह हमारी गवर्नमेंट शहरों की परवाह करती है उस तरह गांवों की परवाह नहीं करती। जो हालत गोहाना और उसके गांवों की है और जो हालत हांसी और उसके गांवों की है वह इतनी खराब है कि नागुफ्ताबे है। अल्फाज में इतनी ताकत नहीं कि वहां का हाल सही तौर पर बयान किया जा सके। इसके अलावा मैं अपने जिले के बारे में जानता हूं कि वहां घग्घर में फ्लड आ गया है और बहुत सारे गांवों में पानी कई-कई फुट भरा है। फसलें गई, मकान गये और लोग मुसीबत में हैं लेकिन उस जगह का नाम तक अखबारों में नहीं आया हालांकि वहां मौतें भी हुई। इन अखबारों से भी बड़े बड़े शहरों को फायदा पहुंचता है और उनको फायदा पहुंचता है जिनका इनसे ताल्लुक होता है।

एक माननीय सदस्य : सिंगरूर और पटियाला की भी तो यही हालत है।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : सिंगरूर, पटियाला के कुछ हिस्सों में और भटिंडा के इलाके में भी यही हालत है और वे इलाके भी इमदाद के मुस्तहक हैं जैसा कि रोहतक है या हांसी है या और कोई जगह है। जिन लोगों को तकलीफ है उनके अन्दर किसी किस्म की तमीज नहीं की जा सकती।

आज उड़ीसा की हालत को सुनकर कलेजा मुंह को आता है। अभी मैंने और जगहों का जिक्र सुना। हिमाचल प्रदेश के बारे में जो सुना वह दिल को हिला देने वाला है, लेकिन अखबारों में उसका जिक्र नहीं आता।

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

थोड़ा सा मंडी का जिक्र आया है । इसलिये मैं गवर्नमेंट से अर्ज करना चाहता हूं कि उसको इस मामले की जामा तहकीकात करानी चाहिये और जिन लोगों को तकलीफ पहुंची है उनको मदद दी जाये ।

लेकिन इसमें भी थोड़ा सा फर्क है । उड़ीसा के फ्लड्स में और दूसरी जगहों के फ्लड्स में थोड़ा फर्क है । उड़ीसा में जो फ्लड आया है वह नेचरल काजेज से आया है जिसके बारे में पंडित जी ने कहा है कि हम क्या कर सकते हैं और क्या नहीं कर सकते हैं । मैं यह नहीं कहता कि चूंकि वहां पर ऐसी आफत आयी हैं जोकि इन्सान के काबू से बाहर की हैं, इसलिये वहां पर इमदाद न पहुंचायी जाये। लेकिन जहां गवर्नमेंट के अपने फेल से, जहां गवर्नमेंट के अफसरों के क्रिमिनल नैगलिजेंस की वजह से आफात आयी हैं वहां के लिये गवर्नमेंट का फर्ज है कि उन जरायम के लिये जो कि उसके इंजिनियरों ने किये हैं खास तौर पर एटोनमेंट करे ।

मैं रोहतक के फ्लड के बारे में अर्ज करना चाहता हूं । सन् १९३३ में रोहतक में फ्लड आया था और वह बड़ा सख्त फ्लड था । उस जमाने मे इस इलाके में पानी दिखायी नहीं देता था और यहां अगर पानी बरसता था तो लोग दुआयें देते थे । और वह इलाका सूखा पड़ा रहता था जब तक कि भाखरा डैम नहीं बना । उस इलाके में फ्लड क्यों आया । रोहतक में सन् १९३३ में फ्लड आया वह कहां से आ गया । उस वक्त भी इसी ड्रेन का झगड़ा था, ड्रेन नम्बर आठ का जिसकी कैपेसिटी ७०० क्यूसेक्स की है और जिसमें अब ३००० क्यूसेक्स पानी छोड़ा गया है । उस वक्त भी बहुत सा इलाका पानी के नीचे आ गया था । मैं उस वक्त हिसार में प्रेक्टिस करता था और मैंने अपनी आंखों देखा कि लोगों को क्या आफत थी । उस वक्त पंजाब गवर्नमेंट को यह पता लग गया कि दरअसल ड्रेन नम्बर ८ की वजह से यह फ्लड आया है । तीन चार वर्ष हुए फिर उसी ड्रेन नम्बर ८ के बायस आफत आई । एक बार मैं अपनी मोटर से दिल्ली आ रहा था कि मैंने देखा कि ड्रेन नम्बर ८ की वजह से गांव के गांव जेरे-आब हैं और मुझे राउंड एबाउट कर के आना पड़ा । यह बात नहीं है कि पंजाब गवर्नमेंट को पता नहीं है कि ड्रेन नम्बर ८ रोहतक को और आस पास के इलाके को तबाह कर देगी मैंने अभी अपने दोस्त, श्री दौलता की तकरीर सुनी है कि झज्जर के इलाके में और दूसरे इलाकों में ड्रेन नम्बर ८ का जो असर हुआ है, वह बयान नहीं किया जा सकता है मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि इस इलाके में जितनी आफ़त आई है , उसकी डायरेक्ट जिम्मेदारी पंजाब गवर्नमेंट की और उस के इंजीनियरों की है । उन को मालूम था कि यह आफ़त आ सकती है , लेकिन फिर भी उन्होंने कोई कार्यवाई नहीं की । अब जो इतनी आफ़त आई है और इतना नुक्सान हुआ है, तो उसकी डायरेक्ट जिम्मेदारी पंजाब गवर्नमेंट की है, या गवर्नमेंट आफ़ इंडिया की है, जिसके मातहत सारे मुल्क के काम होते हैं और जिसकी ओवर-आल रिस्पांसीबिलिटी है सब बातों के लिए।

जहां तक हांसी के इलाके का ताल्लुक है , वहां मेरा अक्सर जाना होता है । वह नशेब में वाके है । हर साल जब बारिश होती है , तो हांसी टाउन के चारों तरफ़ पानी रहता है । वहां हमेशा मलेरिया बड़ा सख्त होता है । लेकिन इस मर्तबा फ्लड क्यों आ गया ? यहां से अगर आप मोटर से उधर तशरीफ़ ले जायें, तो वहां जाते ही पता लगता है कि हांसी का इलाका और तरह का है । हांसी के इलाके और उस से

दस मील परे नारनौंद के इलाके को जिला हिसार का काश्मीर कहते थे, क्योंकि वहां पुरानी नहर है, वहां के लोग बहुत मुतव्वल हैं, उन के बड़े आलीशान मकान हैं और वे बड़े आराम से रहते हैं। वह एक ऐसा इलाका है जहां लोग दौलतमन्द होते थे। कुछ अरसा पहले मैं ने वहां जा कर देखा कि उन की सब दौलत खत्म हो गई है और वे लोग गेहूं की जगह चावल खाने व बोने लगे हैं। वहां पर सेम आ गया, पानी आ गया। क्यों आ गया, मैं उस पर गवर्नमेंट को दोष नहीं देता हूं। पुराने जमाने के इंजीनियर यह नहीं जानते थे कि जब तक नहर के किनारे ईंट सीमेंट न लगाया जाये, तब तक उस में से पानी के सीपेज का खतरा रहता है। पंजाब की बहुत सी नहरें ऐसी बनी हैं, जो सीपेज का मुकाबला नहीं कर सकती थीं। बहुत पानी आने की वजह से नतीजा यह हुआ कि वहां पर वाटर-लागिंग हो गया और पानी का लैवल इतना ऊपर हो गया कि एक गज जमीन खोदने से पानी मिल जायेगा। इस हालत में ५० लाख एकड़ जमीन में वाटर-लागिंग हो गया है। भाखड़ा बांध से हम लोगों को जो फ़ायदा पहुंचा था, वह सब वाटर-लागिंग की वजह से खत्म हो गया। वाटर-लागिंग से हम को बहुत नुक्सान हुआ। इस सिलसिले में पंजाब गवर्नमेंट ने गवर्नमेंट आफ़ इंडिया से रुपया मांगा। गवर्नमेंट आफ़ इंडिया ने मंजूरी भी दी और कुछ रुपया भी दिया। इस के साथ ही पंजाब गवर्नमेंट ने बाहर से एक्सपर्ट बुलाए। चन्द एक्सपर्ट हांसी में आये। हम को उम्मीद थी कि अब यह मुसीबत खत्म हो जायेगी, लोग खुशहाल होंगे और यह तकलीफ़ दूर हो जायेगी। उन्होंने कहा कि इस पानी को निकालो और निकाल कर नहर के दोनों तरफ़ डाल दो, यह पानी बह जायेगा और सीपेज खत्म हो जायगा। उस वक्त उन को यह मालूम नहीं था कि वे जो कर रहे हैं, आगे चल कर वही एक आफ़त बन जायेगी। उन्होंने उस वक्त यह नहीं सोचा वहां इंजीनियर्ज आए, मिनिस्टर आए और गवर्नर साहब भी आए। हम को कहा गया कि अब यह आफ़त हट जायेगी। उन्होंने उस वक्त नाले तो खोद दिए, लेकिन उस काम को पूरा नहीं किया, उस को अधूरा छोड़ दिया। जो नाले हमारे फ़ायदे के लिए बनाए गए थे, उन्हीं में आस-पास का पानी इकट्ठा हो कर हांसी को गर्क कर गया। हांसी में हजारों ही मकान गिर पड़े। उस के आस-पास के इलाके के गांव पानी में डूब बे पड़े हैं। उन के डंगर दूसरी जगह चले गए हैं और वहां बड़ी आफ़त आ रही है। गोहाना के आस पास के कितने गांव आज भी दस पन्द्रह फीट पानी में हैं। और इसीतरह धध्घर के बाढ़ में आए हुए गांव सख्त तकलीफ़ में हैं। वहां के लोग भाग गए हैं। उन की सब फ़सलें तबाह हो गई हैं। ये वही फ़सलें थीं, जो ग्रो मोर फुड और फुड की मैल्फ़-सफ़िशेन्सी में मदद देती। करोड़हा रुपए की खड़ी फ़सलें बरबाद हो गई हैं।

सवाल यह है कि अब गवर्नमेंट का क्या फ़र्ज है और गवर्नमेंट क्या करे। सब से पहले तो वह एक फ़ैक्चुअल एन्क्वायरी कराए। गवर्नमेंट ने रोहतक के लिए जो कोशिश की है, उस के लिए हम उस के शुक्र गुजार हैं। लेकिन हांसी में कोई ऐसी सीरियस कोशिश नहीं की गई है। लेकिन ताहम जो हुआ, सो हुआ। अब शायद पानी आना बन्द हो जाए, लेकिन फिर भी इस बात की एन्क्वायरी कराई जाये कि कहां-कहां मदद की जरूरत है। मदद की कई जिम्न हैं। पंजाब गवर्नमेंट ने रुपए और तरकीबों के बारे में एनाउंसमेंट की है। लेकिन वे बिल्कुल नाकाफ़ी हैं। मैं मानता हूं कि जब फ़सल नहीं होगी, तो गवर्नमेंट के रूल के मुताबिक उस साल

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

का, उस फ़सल का लैंड रेवेन्यू नहीं लिया जायगा, लेकिन यह लैंड रेवेन्यू रेमिट किया जाना चाहिए । अगर अगली फ़सल कुछ अच्छी भी हुई, तो भी उसको पोस्टपोन करने से कोई फायदा नहीं है । इस लिए लैंड रेवेन्यू शुड बि रेमिटिड आलटुगैदर ।

इस के अलावा जिन लोगों के मकान गिर गए हैं, वे एक दम तो अपने मकान नहीं बन सकेंगे । हमारे यहां कच्चे मकान होते हैं । वहां की ज़मीन इतनी उमदा है कि एक एक मकान सौ बरस तक रह सकता है, हालां कि ऊपर सिर्फ़ गोबरी फिरती है, और कुछ नहीं होता है । वे मकान गिर गए हैं और वहां के लोग होमलैस हो गए हैं । जहां पर लोगों के मकान गिर गए हैं, उन को पूरी इमदाद दी जानी चाहिये, ताकि वे मकान बना सकें । जिन के डंगर जाया हो गए हैं, वे खेती से मेहरूम हो गए हैं । उन के गल्ले के स्टोर खत्म हो चुके हैं । अगली फ़सल में इस्तेमाल के लिए उन को सब्सीडाइज्ड बीज दिए जाने चाहिए और डंगरों के लिए तकावी लोन देना चाहिए ।

रोहतक में खाने पीने की दिक्कत हो गई है । वहां कुछ कैम्प खुल गए हैं । पब्लिक को-आपरेशन होती है और चन्दे की फ़ेहरिस्त खुल गई है । लेकिन गांवों के लिए कहां चन्दे की फ़ेहरिस्त खुली है ? वहां के लिए कतई कोशिश नहीं की गई है । वे बेचारे सैफ़-हैल्प से रहते हैं । वे बहादुर लोग हैं और अपना इन्तजाम खुद करते हैं । उनकी इमदाद करना हमारा सब से पहला फर्ज है । इस लिए गवर्नमेंट को उन के लिए कोई न कोई कार्यवाही करनी चाहिए ।

मैं अदब से अर्ज करना चाहता हूं कि गवर्नमेंट को कम से कम यह कुफ़ारा करना चाहिए कि उस को ड्रेन नम्बर ८ का पूरा और तसल्ली बख्श इन्तजाम करना चाहिए । वहां हमारे यहां का पानी नहीं है । न जाने कहां का पानी आ गया है । वह रोहतक ज़िले का पानी नहीं है । वह कैथल और अम्बाले का पानी है । जो कि ड्रेन नम्बर ८ में आ गया है, जो कि पहले नहीं आता था, लेकिन इंजीनियरों की मेहरबानी है कि यह रास्ता देखा गया और इधर के सारे के सारे गांव तबाह हो गए हैं ।

जहां तक सेम का ताल्लुक है, वह तो नहीं हटा, कुछ और ही बन गया है । गवर्नमेंट ने वाटर लागिंग के बारे में जो काम शुरू किया था, कम से कम एक ज़िले में तो वह उस को खत्म कर देती, तो यह आफ़त न आती । अब इस बड़ी आफ़त से और मुसीबत आ गई है । यह पानी कहां जायेगा ? कहीं नहीं जायेगा । कम से कम इस का पूरा, काफ़ी, तसल्लीबख्श और पर्मानेंट इन्तजाम किया जाये । इस तरीके से इन्तजाम करने का कोई फ़ायदा नहीं कि फ्लड आया और यहां से फ़ौज जा रही हैं । पंडित जी गए, इस लिए हम बड़े मशकूर हैं । इतना काम होते हुए भी वह हवाई जहाज में उड़ कर वहां गए । लेकिन मैं यह अर्ज करना चाहता था कि यह कोई पर्मानेंट इलाज नहीं है । पंजाब गौवर्नमेंट को इस सिलसिले में इन्ट्रोस्पेक्शन करना चाहिए और सोचना चाहिए कि उस के इंजीनियरों की मेहरबानी से, उन की ग़फ़लत से सेम के मुताल्कि काम को उस इलाके में पूरा नहीं किया गया, इस लिए ये दो आफ़तें आई हैं ।

ये जो दो आफ़तें आई हैं, ये मैन-मेड हैं । किस को सजा दी जायेगी ? किसी को सजा नहीं दी जायगी । मैं समझता हूं कि इस का कुफ़ारा इतना ही काफ़ी है कि हम लोगों को इमदाद पहुंचायें, आईन्दा के

लिए भी मदद करें और इन दोनों चीजों का बिल्कुल ठीक इन्तजाम कर दें । मुझे पटियाला और संगरूर के लोकल हालात का पता नहीं है । इस लिए मैं वसूक से नहीं कह सकता हूं कि वहां किस वजह से आफ़त आई है । लेकिन अगर वहां भी वजूहात मैन-मेड हैं, तो सब से पहले उन चीजों को रोका जाना चाहिए, जिन की वजह से फलड्ज आते हैं । परमात्मा ने हमारा इलाका ऐसा बनाया है कि चाहे कितनी बारिश हो, वहां पर ये आफ़तें नहीं आ सकतीं । वहां पर हमेशा बारिश की कमी रहती है । लेकिन ये आफ़तें आई हैं सरकार की मेहरबानी से और उन लोगों की मेहरबानी से, जिन्होंने उस वक्त ये बातें नहीं सोची, जिन्होंने उस वक्त फ़ोरसाइट इस्तेमाल नहीं किया । मैं अर्ज करना चाहता हूं कि कम से कम इन इलाकों में गवर्नमेंट की ज़िम्मेदारी और भी ज्यादा है, बमुकाबले उन इलाकों के, जहां पर नैचुरल आफ़तें आई हैं । मैं समझता हूं कि नैचुरल आफ़तों में भी कोई तमीज नहीं की जा सकती है । यह कहा जाता है कि इन से लोगों को फ़ायदा भी होगा । अंग्रेजी में कहा जाता है, दि किंग इज डैड, लांग लिव दी किंग । जो लोग आयेंगे, उन को फ़ायदा होगा, लेकिन जो लोग आज तक्लीफ़ में हैं, वे इस बात के मुस्तहक हैं कि जितनी जल्दी हो सके, उन की मदद की जाये । इस मामले में इस तरह का काम्प्लेसेंट एटीच्यूड और स्टायकल एटीच्यूड हरगिज ठीक नहीं है । जो स्टेट अपने आप को वैलफ़ेयर स्टेट कहती है, जो हर एक चीज की मालिक बनी हुई है, जो हर एक मामले में प्लानिंग करती है, उस को इस तरफ़ की आफ़त के मौके पर जो भी मदद हो सके, वह करनी चाहिए और दिल खोल कर करनी चाहिए ।

तीस बरस पहले जब रोहतक मे इस तरह की आफ़त आई, तो कलकत्ते से मारवाड़ी रिलीफ़ सोसायटी आ गई, हिसार के लोग खाना कपड़ा लेकर पहुंच गए, लेकिन अब इस गवर्नमेंट के आने के बाद लोगों में सैल्फ़-हैल्प की, को-आपरेशन की, मदद देने की, और ऐसे मौकों पर चन्दा देने की आदत कम हो गई है । और काफ़ी कम हो गई है । लोग कोशिश नहीं करते हैं । वे समझते हैं कि यह गवर्नमेंट का फर्ज है, वह इस को अदा करेगी और गवर्नमेंट समझती है कि यह सब नेचर की वजह से हुआ है और लोग इस काम को करेंगे और इस का नतीजा यह होता है कि पूरी इमदाद लोगों की नहीं हो पाती है । मैं चाहता हूं कि सरकार अपने दिल को टटोले और जो आफ़त आई है, उस पर काबू पाने के लिए जितनी भी मदद दी जा सकती है दी जाए ।

Shri Surendranath Dwivedy: I will be excused if, in this debate, it is not possible for me to refer to the tragedies in Punjab and Himachal Pradesh, about which I have no personal knowledge. But in regard to Orissa, it is not an aerial visit that I have paid. I have toured the flood-affected areas, the interior, for eight days continuously in knee-deep water, walking through mud, and I have seen the human distress. It is very easy for the Prime Minister to have a 90-minute visit and say that the accounts that have been published are exaggerated, but I have photographs with me which he has not had occasion to see; it has not been possible for him to go into the villages to find out what human distress is, to see what has happened to this land. It is one of the greatest human tragedies that has overtaken our land in recent years.

It is not a question whether floods can be prevented permanently. Nobody says that floods can be prevented permanently, but it is admitted that the damage and loss can be prevented. The question arises whether what has happened in Orissa was

[Shri Surendranath Dwivedy]

so sudden, so unexpected, although I admit it is unprecedented, that the damage could not have been prevented. I say that although there was simultaneous rise of water in about seven rivers which has spread havoc in about ten districts out of the 13 districts of Orissa the vulnerable points which have been repeatedly pointed out by committees and experts from time to time for taking precautionary measures have not been taken care of. There was no attention given to this aspect of the problem.

I want to point out that about 8,000 sq. miles of Orissa are in the deltaic region, and it is borne out by the experts that about 4,000 sq. miles are every year inundated, but the present figure says that about 5,400 sq. miles are affected. That means that not only the deltaic area which is almost every year submerged but areas beyond this have been affected this year. I am not going to describe the difficulties in those areas, as those have been dealt with by my hon. friends who spoke before me, but what I mean to say is that so far as Orissa is concerned, the damage can never be realised by merely giving some figures. I know when the Prime Minister visited, some figures had to be given. I was touring the mofussil on the 30th when a telegram reached a relief officer. It was impossible even to reach the village and give relief to the people, there were no officers to help him. A telegram reached him asking to send by the 31st August figures of damage in each village, so that they could be submitted to the Prime Minister. That is how, an *ad hoc* figure has been submitted. That does not show what has actually happened in the villages. Not only are many villages isolated, marooned today, but within the villages it is impossible to go from house to house without a boat or some such conveyance. The irony of the whole situation is that knowing that floods are almost a normal feature in Orissa, in those areas there are no boats, no emergency units, no food-stuffs no sand bags or *talais* to prevent breaches when they occur. It is a fact that several breaches took place only on the 16th and 17th. Actually, the flood water rose on the 8th August, and all this deltaic region was almost marooned all these days. Generally, these flood affected people are ready in the season to face it for two or three days. In these areas the water goes and passes in three days, but this time it is still there even today. Even day before yesterday there was a statement issued by the Revenue Minister of Orissa that the flood water in the Brahmini for the third time has gone up as a result of which people who wanted to go back to their homes were getting back again to the embankments and the hill tops. So, from the 8th onwards, people have been suffering, and thanks to the food zone, there is no stock nothing available to the people, and they are practically in a semi-starvation stage. The officers have no stock to give to the grain *golas*. I think much of the misery of the people in the flood-affected areas would have been remedied if there had been no food zone, if some stock was available. They do not get anything to purchase, let alone the relief that will reach them.

The high-level flood committee which was appointed in 1958 has said nothing new so far as Orissa is concerned. It has been mentioned by this committee that previously only in Orissa this problem had been tackled and enquired into by many committees. The conclusion of the committee was that the suggestions made by the previous committees including that of Sir M. Visveswarayya were proper, that the remedies that were to be taken should be on those lines. I am not going to discuss the Hirakud dam, but it is known that after the dam was completed there have been two high floods in the Mahanadi, but this time it has not affected the Mahanadi region. The flood committee and

the high level committee have said that among the major rivers that deserve attention in Orissa at present are the Brahmini and the Baitarani. These two rivers have caused more havoc. Also, Salandi, Kharaswan and other rivers are there. What have Government done, what has the Central Water and Power Commission done about them? I want to point out that even this high level committee has warned that the situation would be very dangerous in the Brahmini.

The greatest breach has occurred in Sabalaya, ten miles off Jenapur, which has made thousands of people take shelter in embankments and hill tops. They are still there. The houses are completely gone. I have gone and seen their plight. It is uprooted humanity which has to be taken care of. It is like the Pakistani refugees. You have experience of refugees. I would say this is much more than the case of refugees. I was surprised to hear the ordinary villagers asking me: are we not Indian citizens? Have we to suffer like this for all time to come without any protection whatsoever? That is how they feel about you. You may go on saying, the Prime Minister may go on shouting that he is not frightened, that people are not frightened of floods. If the people are frightened, they would have left the place. They have stood up against floods. They are prepared to stand any amount of flood damages provided you give them protection in those places. You have left them without any protection, without taking care, without taking notice of the issues that have been raised from time to time.

It was said in this report that Jenapur was a vulnerable point, and the breach has occurred at Jenapur. What have you done? The findings are there, the findings are many. You can appoint another committee. After 1955 you appointed so many committees, and it is borne out by your own records that in 1955 the water reached the highest level and crossed the danger point. In 1959 again it crossed the danger point, but what have you done?

The only thing the Government of India have done is this. You mentioned the sum of Rs. 4 crores in your speech, they have reduced it. Now they say they have sanctioned, approval has been received for Rs. 2·35 crores. In 1959-60 they have spent about Rs. 1·7 crores, out of which I want to point out Rs. 56 lakhs goes for protecting Dalai Ghai. That means the embankments which were to be raised, to be taken care of in the Brahmini and the Baitarani, which have mostly caused these breaches, have not been looked after. The State plans have not been accepted. Maybe the State does not want to place these things, knowing full that these people at the Centre will not be in a position to sanction them. Whatever it be, the embankments in these rivers which were to be taken care of to prevent floods have not been attended to properly.

I also take exception to the statement that the Irrigation and Power Minister has made. He has said:

> "Although flood embankments have been raised and strengthened as far as possible, they could not possibly withstand such high floods which overtopped the embankments along the Brahmini and the Baitarani and caused a large number of breaches.".

I challenge that statement. I have gone to the place. I have seen Subhalaya Ghai, Haridapal Ghai and Sulia Ghai, and I would say that a number of breaches have occurred on the embankment of Brahmini; except at the place called Baramag all other breaches have occurred because of the leakage in the embankment. The flood waters have not overtopped the embankments. Does the hon. Minister mean to say that the breaches on the Subhalaya Ghai which have

[Shri Surendranath Dwivedy]

Shri Bhanja Deo (Keonjhar): Though normally I should say Orissa is a chronic sufferer from floods, this year due to the abnormal rainfall in the catchment areas of all the rivers simultaneously, it was of an unprecedented nature. The rivers used to take off or discharge the flood waters, but as you rightly pointed out, Madam, the river beds are fast rising due to deforestation in the catchment areas, as a result of which instead of silt, more sand is carried. Shri Jaipal Singh, who comes from a region which is also in the catchment area of a very important riven in Orissa, i.e. Brahmani, also rightly pointed this out.

In this connection, I have a bitter experience of river Baitarani, which passes through a major part of my district. This is not the only occasion, but in the past also, a lot of villages and the down-stream area, which is before the delta area, are usually sand-cast because of the barrages they have further down-stream. No doubt barrages and reservoirs to an extent stem off the floods, because they prevent the flow of all the water simultaneously; but, in many cases, as has been our experience with the DVC and also Hirakud, they always do not meet the requirements if all the stages of flood-control are not simultaneously undertaken, which is not even possible.

Similarly for Orissa, as a permanent measure, it has been suggested that the different rivers like Brahmani, Baitarani and Salandi should have reservoirs so as to stem off the flood discharge and they should be taken up simultaneously. But I would urge her that it is not possible for a State like Orissa to have all these reservoirs simultaneously or in a reasonable period of time, unless the Centre comes to her aid, considering her ways and means and her financial resources.

Shri Jaipal Singh rightly pointed out that afforestation should be immediately taken up in the catchment areas of the important river systems like Brahmani, Baitarani and Mahanadi. The burning problem of the area I come from is that in the catchment area of nearly 500 square miles of Baitarani, the forests are being fast denuded because of the shifting cultivation practised in that area. It is high time that we thought of ways and means how to tackle this problem of shifting cultivation and settle the adivasis in the plains, because they are not easily amenable to giving up the primitive system of cultivation. Besides the poverty, the utter poverty which they suffer always stands in their way of taking to better means of cultivation, though they are very eager to do so, provided they are

[Shri Bhanja Deo]

given ample facilities and resources to take to other means of cultivation so that the people down-stream and in the plains are benefited by the afforestation in those areas. Even then, as has been pointed out by the hon. Member who forcibly put it before the House, it is not completely within the means of a State like Orissa to take up the afforestation scheme there within a reasonable period of time unless the Centre again comes to their rescue.

16 hrs.

There is another important feature which is always attributed to the cause of devastating floods in Orissa, and this has not been probably brought before the House. It was pointed out to us in the Orissa Assembly in 1955 by the then Chief Minister, Shri Choudhari, that unless the railway embankments have more vents this problem cannot be solved. Because, as you know, Madam, in the coastal area the railway embankment is very high because it has to pass through an area which is always subject to floods. Naturally, when the railway system was considered then, they had to think of having a high embankment line which also, to an extent, is a cause for the flood waters not running as fast and as soon as we would expect them to recede, because of the high embankment line. And I would be very glad if the hon. Minister for Irrigation would enlighten me if that is the actual cause and, if so, what we are doing to tackle it. At that time, the hon. Chief Minister, Shri Choudhuri, pointed out that they had asked the railway authorities to have more vents to provide more escape channels by widening the bridges and by providing bridges or other means for discharging the flood water when there is heavy pressure on the embankment at the time of high floods. I do not know whether the Railway Ministry have considered this aspect of the flood prevention in Orissa and, if so, I would be very happy to know as to what steps are being taken to meet that problem, and if that aspect has been also considered both by the Railway and the Irrigation Ministries.

The floods, not only in Orissa, but also in Himachal Pradesh have been of an unprecedented character, where again it is probably due to the fast deforestation that has taken place, the floods have been of a character which we have never heard of before.

Again, I would urge the Central Government to come to the rescue of Orissa in this sense that Orissa not only needs gratuitous relief but we have to tackle this flood problem from a greater aspect if the Third Plan is going to be of any benefit to this land, and that will not be so unless the flood problem is properly tackled. Another problem which is standing in the way of the Orissa Government in tackling a problem of this magnitude is that probably we do not have the men, technical knowledge or technical know-how, to meet a problem of this magnitude. The Centre should come to our rescue by supplying officers who have greater knowledge of flood control and of better means of controlling them at the cheapest possible cost so that it would be well within the means of a State like Orissa to meet it. Because, though we may be a backward region, we cannot always depend on doles from the Centre. Again to make us stand firmly on our feet, the Centre has to supply us the technical know-how and for a period of time the money, so that we could overcome this chronic ailment of flood by which the land I come from is usually haunted. If we take the statistics which have so ably been pointed out by other hon. Members from Orissa, it is seen that not only in 1955 we had floods of unprecedented magnitude, but in previous years also, we have been having this recurring trouble from this chronic ailment of floods, which always retard the growth of

the development which we have made during the course of the last two Plan periods.

Besides, it has been pointed out to us that the Army could not come to our aid because the railway communications had been cut off. If we have improved means of road transport between Ranchi and Orissa through the region I come from, it can easily come to the rescue of the State at times of emergency like this. We may not have been able to approach Orissa by rail.

16·09 hrs. I

[SHRI JAGANATHA RAO *in the Chair*]

There were other means of comcunication from Ranchi, by which the Eastern Command could have easily come to the rescue of this State and done what was necessary as has been done in other areas like Punjab and other different parts of the country.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (गुड़गांव) : सभापति महोदय, बाढ़ें जहां कहीं भी आई हुई हैं वे सभी क्षेत्र हमारे लिए सहानुभूति के पात्र हैं चाहे वह पंजाब में हों, उड़ीसा में हों अथवा हिमाचल प्रदेश में हों ।

अभी कुछ दिन पूर्व जब पंजाब की बाढ़ के सम्बन्ध में हमारे माननीय सिंचाई मंत्री हाफिज मुहम्मद इब्राहीम ने एक वक्तव्य दिया था और उस वक्तव्य में यह कहा था कि जितनी जानकारी अब तब प्राप्त हो सकी है उसके आधार पर मैं सदन को पंजाब की बाढ़ के सम्बन्ध में सूचना दे रहा हूं । लेकिन मेरी जानकारी जहां तक है उस आधार पर मैं कह सकता हूं और मेरा अनुमान यह है कि पंजाब सरकार से संभवत: उनको पूरी जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है क्योंकि अब तक पंजाब में इस बाढ़ से जो विनाश हुआ है उस विनाश की स्थिति इस प्रकार की है कि लगभग जो वहां फसलों की बर्बादी हुई है और लोगों के मकानात आदि गिरे हैं उससे करीब २५ करोड़ रुपये की हानि इस समय तक पंजाब के अन्दर हो चुकी है । अभी आपने पीछे अपने वक्तव्य में बतलाया था कि लगभग ५० व्यक्ति इस बाढ़ के शिकार हो चुके हैं लेकिन जैसी कि मेरी जानकारी है उसके अनुसार अब तक ७३ व्यक्ति इस बाढ़ के शिकार हो चुके हैं । इसी प्रकार से आपने अपने वक्तव्य में बतलाया था कि २००० गांव इस प्रकार के हैं जो कि इस बाढ़ से प्रभावित हुए हैं लेकिन मेरी अपनी जानकारी इस प्रकार है कि लगभग ४००० या ४५०० गांव इस प्रकार के हैं जो कि इस बाढ़ से प्रभावित हुए हैं । और उनमें से ३८७ गांव इस प्रकार के हैं जो पूरी तरह से बैठ गए हैं । एक प्रकार से उनमें घरों का और अपने बैठने के स्थानों का फिर से निर्माण करना पड़ेगा । फसलों के विनाश के साथ साथ इस भयंकर विनाश का प्रभाव जिन मनुष्यों और पशुओं पर पड़ा है, उनकी संख्या हजारों से बहुत ऊपर पहुंच गई है । लेकिन मुझे विशेष रूप से यह निवेदन करना है कि इस बाढ़ के पश्चात् होने वाले जो परिणाम हैं, उनके सम्बन्ध में भी हम थोड़ा विस्तार से विचार करें। पशुओं में एक भयंकर प्रकार का रोग जो बाढ़ के पश्चात इस प्रकार के इलाकों में फैल जाता है, पंजाब में बहुत बुरी तरह से फैल चुका है । इसी तरह से रोहतक में और उसके आस पास के इलाकों में, जिनकी चर्चा हमारे माननीय मित्रों ने की है, हैजा और दूसरे रोग भी बहुत बुरी तरह से फैल गए हैं । मेरा निवेदन है कि जहां बाढ़ को रोकने के सम्बन्ध में शासन प्रयत्नशील हो, वहां बाढ़ के पश्चात् जो बीमारियां मनुष्यों और पशुओं में फैलती है, उनकी रोक-थाम के लिए भी उसको प्रयत्नशील होना चाहिए ।

एक और बात मैं सुझाव के रूप में आपके सामने निवेदन करना चाहता हूं । और भी माननीय सदस्यों ने इस बात की चर्चा की है कि पंजाब में बाढ़ का एक बड़ा कारण जहां प्रकृति का प्रकोप रहा है, वहां

[श्री प्रकाश वीर शास्त्री]

एक बड़ा कारण यह भी रहा है कि पंजाब में पानी के निकलने के लिए जो नाले बनाए गये हैं, उनको बनाते समय कोई विधिवत् योजना नहीं बनाई गई। मैं सिंचाई मंत्री महोदय की जानकारी के लिए अपने निर्वाचन-क्षेत्र के सम्बन्ध में ही एक चर्चा करना चाहता हूं। आज से एक, डेढ़ साल पहले गुड़गांव में इसी प्रकार की बाढ़ आई थी और उसका कारण भी यही था कि पानी के निकलने के लिए कोई स्थान नहीं था। मेरे अनुरोध पर माननीय सिंचाई मंत्री उस स्थान को देखने के लिए गए और उन्होंने अपनी आंखों से देखा कि किस प्रकार महाविनाश उस जिले का उस बाढ़ से हुआ। उसके पश्चात् पंजाब गवर्नमेंट ने दो नाले वहां से निकाले, ताकि उस जिले का पानी आगे निकल जाए। एक नाला गोंछी नाला कहलाता है और दूसरा नूह का नाला कहलाता है। लेकिन दुर्भाग्य-पूर्ण स्थिति यह हुई कि इन नालों को निकाले जाते समय उनकी योजना इस प्रकार की रही कि पानी तो उनका वहां से खिंचने लगा, लेकिन उसके बाद दूसरे गांवों को टकराने लगा। इस प्रकार की स्थिति रोहतक और हांसी में भी है। हरियाना के इस इलाके में बाढ़ के आने का एक बड़ा कारण यह है कि जो नालियां पानी के निकलने के लिए बनाई जाती हैं, उनकी योजना दोषपूर्ण होती है। वह योजना विधिवत् बनाई जानी चाहिए। हमारा तरीका यह है कि जब बाढ़ आती है और उसमें लोग इतने भयंकर रूप से त्रसित होते हैं, तो उस समय फिर हमारे मस्तिष्क में योजनायें आती हैं। होना यह चाहिए कि जब बाढ़ निकल जाए और इस प्रकार का साधारण वातावरण हो, उस समय इस प्रकार की योजनायें बनाई जायें कि कहां कहां पानी को किस किस तरह आगे निकाला जा सकता है जिससे एक स्थान का पानी दूसरे स्थान को नुक्सान न पहुंचाये।

यह बाढ़ हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उड़ीसा और दूसरे प्रान्तों में आकर परेशानी पैदा कर रही है, यह बात नहीं है। पहले हमने सुना था कि काश्मीर के लोगों को इसी प्रकार परेशान होना पड़ा और फिर आसाम के लोगों को इस कठिनाई का सामना करना पड़ा था। आये साल किसी न किसी प्रान्त को इस कठिनाई का सामना करना पड़ता है। मैं चाहता हूं कि जहां राज्य सरकारों का यह दायित्व है कि वे इन बाढ़ों का सामना करने के लिए अच्छी तरह से तैयारी करें वहां अगर केन्द्र के संरक्षण में एक इस प्रकार का बाढ़ नियंत्रण बोर्ड बनाया जाय कि जहां भी आपात्कालिक परिस्थितियां उत्पन्न हों, तो उनको तुरन्त सहयोग दिया जा सके। आज तो यह स्थिति है कि रोहतक में बाढ़ आई और दो हजार सैनिक वहां काम कर रहे हैं। पर यह तो प्रति वर्ष की समस्या है, एक वर्ष की समस्या नहीं है। इसलिए अगर इस तरह का सेंट्रल फ्लड कंट्रोल बोर्ड बनाया जाये, तो वह अधिक उपयोगी सिद्ध हो सकेगा।

रोहतक में बाढ़ आने के बाद कुछ सार्वजनिक संस्थायें वहां जाकर बड़ी तत्परता से काम कर रही हैं। हमें और सरकार को उनको धन्यवाद देना चाहिए। बड़ी तत्परता के साथ वे धन संग्रह कर रही हैं और कपड़े भी इकट्ठे कर रही हैं। लेकिन ऐसी दैवी विपत्तियों के सम्बन्ध में अगर प्रधान मंत्री जी की ओर से भी कोई अपील निकलती, तो उसका बहुत बड़ा प्रभाव होता और उससे जो धन संग्रह होता, उससे उस क्षेत्र के निवासियों को बड़ी सहायता दी जा सकती थी। अगर यह व्यवस्था अब तक नहीं है, तो कम से कम भविष्य के लिए इस बारे में सोचा जा सके, तो अच्छा होगा।

हमारे समाज में अभी तक इस प्रकार की भी त्रुटियां विद्यमान हैं कि जब बाढ़ या अन्य कोई दैवी विपत्ति आती है, तो समाज के कुछ अवांछनीय तत्व उन से अनुचित लाभ उठाना शुरु कर देते हैं। अगर आटे का भाव दो सेर का है, तो दुकान-

दारों ने इस मुसीबत का लाभ उठा कर उसको और भी महंगा कर दिया । जिन क्षेत्रों में कोई दैवी विपत्ति आए, वहां अगर सरकार की ओर से कोई ऐसी व्यवस्था कर दी जाये कि लोगों को दैनिक उपयोग की चीजें आसानी से प्राप्त हो सकें, तो बहुत अच्छा होगा ।

पंजाब की बाढ़ के सम्बन्ध में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि बाढ़ का पानी निकलने के पश्चात हैजा और दूसरी बीमारियां फैलने लगेंगी । वे अभी से फैलनी शुरू हो गई हैं, लेकिन पानी के निकलने के बाद तो वे और ज़ोर से फैलेंगी । मेरा सुझाव है कि अब जबकि हरियाना के क्षेत्र में बीमारी शुरू हुई है, पड़ौस के क्षेत्र, जैसे दिल्ली नगर निगम से इस प्रकार का अनुरोध किया जा सकता है कि अगर उसका स्वास्थ्य विभाग कुछ समय के लिये वहां अपनी सेवायें दे सके और उन लोगों को लाभ पहुंचा सके, तो बहुत अच्छा है ।

पंजाब, उड़ीसा और हिमाचल प्रदेश में जो यह दैवी विपत्ति आई है, उस को तात्कालिक आपत्ति समझ कर हम उसके निराकरण के लिये प्रयत्नशील हों, ऐसी बात नहीं है । आज स्थिति यह है कि अभी तक हम अपने देश में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं कर पाये हैं कि हम नदियों के प्रवाह और आने वाली बाढ़ों को रोक सकें और बड़ी दृढ़ भाषा में यह कह सकें कि हमने अपने देश की स्थिति इस प्रकार की बना दी है कि आने वाले वर्षों में हम को बाढ़ का सामना नहीं करना पड़ेगा । इसका कारण चाहे अर्थ की दुर्बलता हो, या कोई और कारण हो, लेकिन इतना अवश्य होना चाहिए कि इन बाढ़ों को रोकने के लिए हमारे पास पूरी तैयारी होनी चाहिए, जब तक कि प्रान्तों में इस विषय में पूरी व्यवस्था न हो जाये ।

दूसरी एक यह शिकायत मेरी भी है, जो और माननीय सदस्यों ने भी की है । होता यह है कि जब बाढ़ें आती हैं और उनसे जो बड़े बड़े नगर प्रभावित होते हैं उनके सम्बन्ध में तो प्रैस की ओर से काफी पब्लिसिटी होती है और सारा ध्यान उधर ही दिया जाता है । लेकिन गांव के लोगों को पूछने वाला कोई नहीं होता, जिनकी आवाज़ न तो शासन तक पहुंच पाती है और न दूसरों तक ही पहुंच पाती है, सिवाय इसके कि वे अपने परिश्रम से अपने बचाव का प्रबन्ध कर लें । सिंचाई मंत्री महोदय ने अपनी आंखों से देखा था कि डेढ़ वर्ष पहले गुड़गांव में जो भयंकर बाढ़ आई थी, उसने किस तरह सारे जिले को तबाह किया था । इसी प्रकार के और स्थान भी हैं । मेरा निवेदन यह नहीं है कि किसी दैवी आपत्ति के समय नगरों पर ध्यान न दिया जाये या शहरों की रक्षा न की जाये, लेकिन मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि भारत का एक बहुत बड़ा भाग देहातों का है जिनकी अर्थ की कमाई से हमारा शासन तथा और भी बहुत से कार्य चलते हैं, इसलिये इस प्रकार की दैवी आपत्तियों में उन देहातों की उपेक्षा न की जाये ।

Shri Mahanty (Dhenkanal): At the outset, I should like to offer my thanks to the Prime Minister as well as to the Minister of Irrigation and Power and his able Deputy, who had found time to visit flood-affected Orissa, notwithstanding their multifarious engagements. I hope and wish that their experiences and impressions will have some impact on formulations of policy for flood control and relief measures in that State.

But, having said that much, I should be forgiven if I say that listening to this debate, I feel that the central point has been absolutely missed. The fact has to be borne in mind,—and I am sure the hon. Minister will touch on this aspect in the course of his reply as to why this has happened—that during the last two plans, the flood control measure has not been given the attention that it had deserved. It is really a pity today that we are to acknowledge, when all

[Shri Mahanty]

these floods cause calamities beyond description, when it means loss of national wealth as well as gruesome tragedy in terms of human suffering, that our last two Plans should not have devoted to it the attention that it had deserved.

It is being held that flood protection is an indirect benefit, the direct benefit being irrigation and power. Therefore, even though all these multipurpose river valley projects were conceived primarily as flood control measures, subsequently so much emphasis was laid on irrigation and power that the flood control aspect of those projects was completely neglected. The Hirakud system, it was designed to cope with a flood discharge of 12 lakhs cusecs in the Mahanadi. Today, the fact has to be remembered that even this Hirakud reservoir can impound only 8 per cent of the total flow that flows through that mighty river Mahanadi.

This year, the flow is stated to be 10½ lakh cusecs. Five lakh cusecs were impounded in the Hirakud reservoir and the balance 5 lakh cusecs of water flowed down the channel, but at Naraj, a point further down, it had swollen into 11½ lakh cusecs again. From this the hon. Minister will be able to appreciate the fact that Hirakud is no remedy for flood control in the Delta areas. I would ask, why the Hirakud project was so designed as not to have taken this aspect into consideration.

We are told that Hirakud has been designed for controlling a flood of the magnitude of 12 lakh cusecs flow. But it is time enough that we consider how to control a flood whose magnitude may be 15-16 lakh cusecs. I am sorry to say that these aspects have not yet been considered. I hope and pray that the Minister would not wait for a tragedy of such magnitude to happen again to wake up to the realities of the situation.

Then again, the hon. Prime Minister has said time and again that Governments do not cause floods. Certainly Governments do not cause floods, but Governments can prevent floods. Another pitiable thing that has gone on is the controversy as to whether embankments are desirable or not. In terms of an absolute reply, nobody can say whether embankments are good or bad. But if embankments are not good, certainly Government should have taken other flood control measures, like building flood channels, flood basins etc. It is indeed regretable that the Government have taken no such measures and, as a result of their complacence and indifference, today you find this vast human tragedy has been perpetrated.

Coming to the recent floods in Orissa, even the short-term measures recommended by the Government are inadequate and are not going to solve the problem. I hope the hon. Minister will kindly pay some attention to what I say. I was told in Bhubaneswar that the embankments which are now being repaired are being so repaired as to cope with the 1955 flood level. I would like to submit that this is an absolutely wrong attitude. We should not wait for further floods to change our specifications. When we are going to repair these embankments, we should see that they are really capable of preventing floods of the magnitude that occurred this year.

Then the hon. Minister stated that this year the Brahmani caused great devastation, even though the Mahanadi behaved in a much more docile way. I would like to know from the Minister whether he has got any plans as far as Brahmani is concerned. I have gone through all the documents which are available, and I am sorry to say that the Government or their engineers have no plans as yet by which Brahmani can be tamed.

There is another aspect to which I would like to invite the attention of

the hon. Minister. It is time the Government took flood control not as a State subject but as a Central subject. If you look at the history of flood protection in this country, you will find that in the 19th century, it was done through individual efforts. Then when the zamindars appeared on the scene, these efforts were relegated to the zamindars. When the zamindars found that these flood control measures were beyond their means, these became the responsibility of State Governments. Today we find that it is beyond the means of the State Governments; and it should be the direct responsibility of the Centre.

There is another reason; and that is more important and with that I will end. We find a lot of inter-provincial stupidity standing in the way of planning adequate flood protection. I give an instance. The Orissa Government is thinking of how to control the floods in Burabalang which is linked with another river Subarnarekha. The C.W.P.C. had thought of some schemes in this regard. If these schemes had been worked out, that would have irrigated 10 lakhs of acres of land and would have afforded flood protection also. But since the source of the Subarnarekha lies in Bihar, the Bihar Government would not permit the Orissa engineers to cast their shadows on the land of Bihar. This is the kind of attitude of the State Governments. They behave in this manner. It is time that the Government of India took up the flood protection measures as a central subject. There will be more coordination and these angularities of the State Governments will be straightened and they will be made to realise that floods are causing national havoc and national disaster and it is in national interests that the floods should be controlled on a national basis. I do not find a better word; no sort of inter-provincial stupidity should be allowed to stand in the way.

Shri Jaipal Singh: Sir, the solution is very simple. The whole of Chota Nagpur plateau will go to Orissa and I will support him. Let him say, 'Yes'.

Shri Mahanty: Sir, I would certainly welcome him. There is a proverb which says if a Roman comes with a present then there is something to be circumspect about it. If he comes without any present he is certainly welcome. Certainly, I will welcome him; I have welcomed him all my life; so, there should be no grievance in this regard. His present makes us only a little bit circumspect.

I have nothing further to add. I hope it is time enough, on the eve of the formulation of the Third Five Year Plan, the Planning Commission from their Olympian heights should descend a little down below the flooded plains and it is high time that flood protection is not considered as an indirect objective but as a very direct objective and as a very direct charge of the Government of India.

श्री ब्रजराज सिंह (फिरोजाबाद): सभापति महोदय, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश में आई बाढ़ के सम्बन्ध में आज यहां चर्चा हो रही है। इस बाढ़ से जो वहां पर बरबादी हुई है, उस पर सभी को बहुत दुःख है। लेकिन मुझे अफसोस है कि न तो प्रेस के जरिए और न ही केन्द्रीय सरकार के जरिए से लोगों को इस बात का ज्ञान हुआ है कि उत्तर प्रदेश के भी कुछ हिस्सों में बाढ़ बड़ी भयंकरता से आई है, बहुत ही उसका घना प्रभाव हुआ है। सिर्फ आगरे जिले में उत्तर प्रदेश के १५ आदमी बाढ़ से मरे हैं। मथुरा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दूसरे जो जिले हैं उनमें भी बाढ़ बड़े भयंकर रूप में आई है। मैं यह सब इसलिए कह रहा हूं कि बाढ़ का सारे देश पर जब प्रभाव पड़ता है और इस पर विचार भी किया जाता है तो केन्द्रीय सरकार यह भी ध्यान में रखे कि यह न सिर्फ उड़ीसा, हिमाचल प्रदेश या पंजाब का प्रश्न है बल्कि देश के दूसरे हिस्से भी हैं कि जहां पर बाढ़ से बहुत तबाही हुई है और केन्द्र को वहां के बाढ़ पीड़ित लोगों की भी सहायता के लिए आगे आना चाहिए।

[श्री ब्रजराज सिंह]

एक बहुत ही अहम सवाल की तरफ अब मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं । जब उपमंत्री महोदय बोल रहे थे तो मैंने उनको टोकना चाहा था और चाहता था कि वह इस बात का जवाब दें कि आखिर क्या वजह है कि जब हमने फ्लड कंट्रोल के कदम भी उठाये हैं और कहा है कि हम फ्लड्स को कंट्रोल करेंगे और एक फ्लड विंग भी स्थापित किया है, तो भी बाढ़ इतनी भारी भयंकरता से आती रहती है । मैं चाहता हूं कि इस चीज की पूरी तरह से जांच पड़ताल होनी चाहिये । १९५४ से, जैसा कि माननीय मंत्री महोदय ने बताया है, जब से यह कार्य चालू है, जो फ्लड विंग है वह भी काम करता है, क्या कारण है कि इतनी अधिक बाढ़ें आई हैं । लगातार हर साल बाढ़ों की जो अधिकता है वह बढ़ती ही जा रही है, बाढ़ की जो भयंकरता है वह बढ़ती ही जा रही है । अफसोस की बात तो यह है कि जैसे यहां पर शिकायत की गई है कि पंजाब के बारे में उड़ीसा के बारे में केन्द्रीय सरकार को इसका कोई पता नहीं लगा कि वहां बाढ़ आने वाली है । इनके बारे में तो एक मिनट के लिये यह माना जा सकता है कि सरकार को पता न चला हो लेकिन हिमाचल प्रदेश जोकि केन्द्रीय सरकार के सीधे नियंत्रण में है और जिसके प्रति केन्द्रीय सरकार की सीधी जिम्मेदारी है, वहां पर भी डेढ़ सौ आदमी एक रात में मर गये और केन्द्रीय सरकार को इसका पता तक न चला, बाढ़ की केन्द्रीय सरकार को पहले से सूचना तक नहीं मिली, इससे बड़ी दुर्भाग्य की बात और क्या हो सकती है। आखिर कहीं पानी बरसा होगा, आज आपके पास इतने अच्छे साधन हैं जिन से आप को फौरन दुनियां की खबरों का पता लग जाता है, लेकिन आप के शासन में ढिलाई इतनी है कि यह पता वह नहीं लगा सका कि जो पानी बरस रहा है उसका असर आगे चल कर क्या होगा । एक जगह पर डेढ़ सौ आदमी पानी में बह गये, इससे बड़े दुर्भाग्य की बात और क्या हो सकती है, लेकिन मुझे अफसोस है कि आज केन्द्रीय सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है कि हम बाढ़ को किस तरह से रोक सकते हैं । इस पर हमारा ध्यान है ही नहीं । मैं नहीं कहता कि मैं प्रधान मंत्री से सहमत नहीं हूं या मंत्री जी से सहमत नहीं हूं कि बाढ़ को पूरी तरह नहीं रोका जा सकता है, लेकिन बाढ़ जो आती है उसकी सूचना तो जनता को दी जा सकती है और यह खबर दी जा सकती है कि जनता को सतर्क रहना चाहिये । मुझे अफसोस है कि जो हमारी सरकार है, चाहे वह केन्द्र में हो या प्रदेशों में, उसे यह भी बतलाने की फुर्सत नहीं है कि कहां पर क्या होने वाला है, कहां बाढ़ आने वाली है, इसकी सूचना नहीं मिलती है. नतीजा यह होता है कि जनता बहुत खतरे में पड़ जाती है ।

मैं जिक्र कर रहा था कि हमारे इलाके में जब पिछले साल बाढ़ आई तो एक नाला बना । उस नाले में इस तरह की कमी रह गई, वह इस तरह से बनाया गया, कि बाढ़ का पानी उससे ऊपर नहीं जाता । उसके बाद जब जाना भी शुरू हुआ और ज्यादा प्रेशर पड़ा, तो वह जाकर शहर में घुस गया । असल में बात यह है कि इस तरह की डिफेकिटव प्लैनिंग होती है नाले बनाने की कि उसकी वजह से बाढ़ की भयंकरता बढ़ जाती है । यहां पर पंजाब के बारे में जिक्र किया गया कि जो ड्रेन नं० ८ है वह कहीं भी जाकर ऐसा नहीं होता कि समुद्र में पड़ता हो, झील में या नदी में पड़ता हो । उसका अन्त जाकर गांव में होता है । सरकार को सोचना चाहिये कि जब पानी ऊपर से चला आ रहा है और उसका अन्त होगा गांव के अन्दर, तो उसके आस पास की जनता का क्या होगा । कभी इस तरह की बात नहीं सोची जाती है ।

इस लिये पहली बात जो मैं कहना चाहता हूं कि वह यह है कि सरकार निश्चित

नीति निर्धारित कर ले कि हम जो नाले बनाने जा रहे हैं या और कुछ बनाने के काम हो रहे हैं, उनके अन्दर ऐसा तो नहीं हो रहा है कि पानी का बहाव आगे बढ़े इसके बजाय उसमें रुकावट होती जा रही हो। मुझे भय है कि मुल्क में जगह जगह इस तरह के काम हो रहे हैं जिन से कुदरती तौर पर पानी का बहाव रुक जाता है और इस तरह से उसका असर भयंकर पड़ता है।

दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि आखिर जिम्मेदार....

सभापति महोदय : आपका पांच मिनट का समय खत्म हो गया।

श्री ब्रजराज सिंह : सभापति महोदय, जब भी आप कहेंगे मैं अपना भाषण बन्द कर दूंगा, लेकिन एक बात मैं यहां पर हमेशा के लिये कहना चाहता हूं कि आखिर कोई कंट्रील होना चाहिये कि हमारे यहां मिनिस्टर कितना टाइम लें क्योंकि केन्द्रीय सरकार को यह पसन्द है कि एक के बाद एक मिनिस्टर बढ़ते जायें। हो सकता है कि कुछ दिनों में १०० मिनिस्टर हो जायें, उस वक्त उस सदन का क्या होगा। अगर तमाम टाइम मिनिस्टर ले जायेंगे तो नतीजा यह होगा कि मुल्क की बातें यहां पर नहीं रक्खी जा सकेंगी। इस लिये नियम बनने चाहियें ताकि हम देख सकें कि कितना टाइम मिनिस्टर लेंगे अपना जवाब देने में। एक फैशन बन गया है कि डिप्टी मिनिस्टर बीच में इंटरवीन करेंगे, बड़े मिनिस्टर साहब बाद में कुछ कहेंगे, और दोनों की स्पीचेज़ जो होंगी वे उन की अपनी नहीं होंगी, उन के मंत्रालय द्वारा बनाई हुई होंगी। जो बात कही जाती है, उस का कोई जवाब नहीं होगा। इस लिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि यहां पर जो बातें कही गई हैं कि बनावटी बाढ़ आ रही है, आदमी की बनाई हुई है, कुदरती नहीं है, इस का जवाब दिया जाना चाहिये। उपमंत्री महोदय ने इस का जवाब नहीं दिया। मैं आशा करता हूं कि जब बड़े मिनिस्टर बोलेंगे तो वे इस का कोई जवाब देंगे कि आखिर यह आदमी की बनाई हुई बाढ़ है या क्या है।

अन्त में मैं एक या दो मिनट में खत्म करता हूं, आप की आज्ञा के मुताबिक। मैं जानना चाहता हूं कि बाढ़ से पीड़ित जो लोग हैं उन के लिये क्या काम किया जा रहा है। जिन लोगों के मकान गिर गये हैं, उन का तो इस में कोई दोष नहीं है, उन के मकान बनाने के लिये सरकार क्या कर रही है? इसी के साथ साथ जो दवा दारू का इन्तजाम है, या दूसरी तरह के काम हैं, उन के बारे में सरकार क्या कर रही है या करना चाहती है? डेढ़ सौ आदमी मर गये हिमाचल प्रदेश में, ७३ आदमी मर गये पंजाब में और मेरे खुद के जिले में १५ आदमी मर गये उत्तर प्रदेश के अन्दर, और उड़ीसा के अन्दर भी लोग मर रहे हैं। इस के अन्दर उन का कोई दोष नहीं था, उन के लिए सरकार क्या कोई मुआवजा देना चाहती है या नहीं। इसी तरह से इस वर्ष जो असाधारण बाढ़ आई है, उस के कारणों की जांच करने के लिये सरकार अपनी ओर से कोई कमेटी बनाना चाहती है या नहीं? मैं चाहूंगा कि सरकार बाढ़ के कारणों की जांच करने के लिये कमेटी बनाये और चूंकि यह बात स्थायी बनती जा रही है इस लिये मैं यह भी चाहूंगा कि इस सदन की एक कमेटी बने, स्टैन्डिंग पार्लियामेंटरी कमेटी बने जो इस बात पर विचार करती रहे

[श्री ब्रजराज सिंह]

जिन को एक्स्पर्ट कहा जाता है, सिर्फ उन पर इस बात को नहीं छोड़ा जा सकता । इस सदन की कमेटी जो बने वह विचार करती रहे कि जो भी बाढ़ आती है उस की स्थिति क्या है, हम इतना रुपया जो इस पर खर्च करते हैं, उस पर कोई कंट्रोल है या नहीं या वह भार जनता पर ऐसे ही पड़ता जा रहा है । मैं चाहूंगा कि सरकार इस बात पर विचार करे और जब मंत्री महोदय जब जवाब दें तो इन बातों का भी जवाब दें ।

Mr. Chairman: Shri Ramaul.

Shri C. K. Nair: (Outer Delhi): Delhi must have its share.

Mr. Chairman: I have called the hon. Member there.

श्री शि० न० रामौल (महासू) : सभापति जी, बाढ़ की जो आपत्ति हर साल हमारे मुल्क में आती रहती है उसके सिलसिले में काफी सोचने की जरूरत है और आज इस पर काफी चर्चा भी हो रही है । मेरे पास चूंकि समय कम है इस वास्ते मैं ज्यादा विस्तार में न जाता हुआ, सिर्फ हिमाचल प्रदेश के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । स्पीचेज सुनने से ऐसा मालूम होता है कि हिमाचल प्रदेश ही एक ऐसा प्रदेश है, छोटा सा, जिस में कुछ इत्तला है कि ६० या ६५ आदमियों की डेथ हुई और कुछ अनकंफर्म्ड इत्तला ऐसी है कि लगभग डेढ़ सौ आदमी मर गये हैं, एक रात में जैसा अभी बतलाया गया है, बाढ़ आने से खत्म हो गये हैं । इससे वहां पर कितना नुक्सान हुआ होगा पशु-धन का और दूसरे लोगों की सम्पत्ति का, इस का तो महज अनुमान किया जा सकता है । ५० के लगभग गांव पानी के अन्दर आ चुके हैं । इसलिये इसके बारे में हमारे मुल्क में काफी विचार करने की जरूरत है, और जैसा सुझाव दिया गया है, कोई इस किस्म की कमेटी संट्रल लेवल पर और प्रदेश के लेवेल पर भी बननी चाहिये जो खास तौर से इसकी तरफ ध्यान दे ।

हिमाचल प्रदेश में जो बाढ़ आई है उसके बारे में मैं कहना चाहता हूं कि पिछले साल भी एक या दो मर्तबा उसी इलाके में बाढ़ आई थी । उसी के कारण वहां पर एक पुल भी बनाया गया । उस पुल से ट्रेफिक गुजारने के लिये, दोनों तरफ पुश्ते बनाने पड़े और पुश्ते बना कर उनके मकाबले सड़क बनी । इस से जो पानी निकलने की जगह थी वह कम रह गई । वह खड्ड ऐसा है जो हमेशा चलने वाला नहीं है । वहां पर चारों तरफ जंगल हैं और जब भारी बारिश होती है तो एक दम पानी का बहाव शुरू हो जाता है । जब पानी को बहने का रास्ता नहीं मिलता कुदरती तरीके से तो वह रुक जाता है और इस इलाके में भर जाता है । पिछले तीन सालों में वहां पर थोड़ी थोड़ी बाढ़ आई, लोगों की तरफ से सुझाव दिये गये कि इसका कुछ इंतजाम करना चाहिये और पानी की निकासी का कोई साधन सोचना चाहिये । लेकिन वह बात नहीं हुई । जब मुझे अखबारों से इसके बारे में पता चला तो मैंने एक शार्ट नोटिस क्वेश्चन यहां पर दिया । लेकिन अभी तक उसके बारे में मुझे कोई सूचना नहीं मिली और न ही एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से अभी तक कोई ठीक तौर से कंफर्मेशन हुआ कि कितना नुक्सान हुआ, कितने लोग मरे और ऐडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से क्या-क्या कार्रवाई की गई या रिलीफ पहुंचाने के बारे में क्या हो रहा है । मैं निवेदन करूंगा कि हिमाचल प्रदेश एक ऐसी टेरिटरी है जिसका सैंट्रल गवर्नमेंट से डाइरेक्ट ताल्लुक है उस के कंट्रोल के सिलसिले में । इसलिये सेंट्रल गवर्नमेंट इसकी तरफ ध्यान दे और वहां पर जो कुछ आपत्ति लोगों पर घिरी हुई है उसके बारे में ज्यादा से ज्यादा धन दे, मैटी-

रियल की सहायता दे क्योंकि लोगों के मकान बर्बाद हो गये हैं । इन चीजों की तरफ सेंट्रल गवर्नमेंट ज्यादा ध्यान दे ताकि वे लोग जो वहां की बाढ़ के कारण उखड़े हैं, उनको फिर रिहैबिलिटेट किया जा सके ।

सिंचाई और विद्युत मंत्री (हाफिज मुहम्मद इब्राहीम) : जनाब चेअरमैन साहब इस सदन में आज बाढ़ के मामले पर जो तकरीरें हुई उन को मैं ने बहुत गौर से सुना । लेकिन जो मोशम दिमा गया था, उस मोशन के लिहाज से जो बातें आज के मुबाहसे में आनी चाहियें थीं, मेरे नजदीक वे बातें नहीं आईं । मैं ने उन के लिये पूरा मैटीरियल इस वक्त तैयार किया था और मैं समझता था कि शायद मुझ को काफी वक्त इस ऐवान में इस मसले और इस प्राब्लेम के बारे में कहने को मिलेगा, ताकि मैं यह बतलाऊं कि जहां तक हिन्दुस्तान की गवर्नमेंट का ताल्लुक है उस ने स्टेट्स को अलग रख कर फ्लड्स के मामले में क्या क्या किया । क्या क्या कहना चाहिये था, उसको भी मैं लेता और यह भी बतलाता कि हमने वही किया जो कि सेंटर को करना चाहिये था, और उसी के साथ यह भी अर्ज करता कि हर स्टेट ने अपनी अपनी जगह इस मामले में क्या किया है । मगर अब वक्त के लिहाज से भी और उन तकरीरों के लिहाज से भी, मैंने यह समझा है कि जहां तक मुमकिन हो मैं उन बातों को छोड़ दूं और सिर्फ उड़ीसा के मुताल्लिक मैं बतलाऊं कि सेंट्रल गवर्नमेंट का क्या वास्ता रहा और वहां जो कुछ इस वक्त तक हुआ है वह क्या है ताकि हमारी . . .

Shri P. K. Deo: It is difficult to understand this high class Urdu.

Shri Surendranath Dwivedy: Can he not speak in English?

हाफिज मुहम्मद इब्राहीम : हाई क्लास तो क्या, यह तो लो क्लास भी नहीं है ।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : स्पीकर साहब ने इस मोशन को पंजाब के मुताल्लिक भी एलाउ कर दिया था । इसलिये मैं मिनिस्टर साहब से अर्ज करूंगा कि पंजाब के मुताल्लिक जो कुछ वह फरमाना चाहें वह फरमा दें ।

हाफिज मुहम्मद इब्राहीम : अगर मैं यह अर्ज करूं तो शायद गलत न हो कि हमारे बुजुर्ग ने जो अभी इरशाद फरमाया वह मेरी बात को शायद अच्छी तरह समझे नहीं । मेरे अर्ज करने का मकसद यह नहीं था, मैं यह नहीं कह रहा था कि मैं पंजाब के बाबत कुछ न कहूंगा या हिमाचल प्रदेश के बाबत कुछ न कहूंगा । मेरा यह मतलब नहीं था । मैं उनके बाबत भी कुछ न कुछ थोड़ा बहुत कहूंगा जितना कि मैं इस वक्त कह सकता हूं ।

खैर, इन सब बातों को छोड़ कर के मैं यह अर्ज करूं कि यह बहुत ही अफसोस और संकोच की बात है कि हर साल हमारे मुल्क में सैलाब और बाढ़ आते हैं । अभी अभी मेरे एक भाई अपनी तकरीर में इसके मुताल्लिक फरमा रहे थे कि गवर्नमेंट ने इसकी निस्बत क्या किया, और गवर्नमेंट क्यों नहीं यह मालूम करती है कि ये सैलाब आते क्यों हैं । तो मैं उसके निस्बत एक फिकरा अर्ज करता हूं लम्बी बात छोड़ करके, कि अगर दुनिया की अब से पिछली तारीख को देखा जाये, तो जहां तक बाढ़ों के आने का ताल्लुक है उनके साइकिल्स आते रहे हैं और जब वह साइकिल आते हैं तो उनके दौरान में बराबर बाढ़ आती रहती है । वह इंसान के कुसूर से या गवर्नमेंट के कुछ काम न करने की वजह से नहीं होता । फिर जहां तक कि गवर्नमेंट का ताल्लुक है गवर्नमेंट इंसानों की बनी हुई है और गवर्नमेंट इंसानों से हमदर्दी रखती है, और गवर्नमेंट की हमदर्दी सिर्फ इसी वजह से नहीं है कि गवर्नमेंट का मेम्बर वहां का रहने वाला है, बल्कि उसकी हमदर्दी पूरे हिन्दुस्तान के साथ है। तो मैं तो अर्ज करूंगा कि जितनी मेरे दोस्त को अपने उड़ीसा से मुहब्बत है व प्यार है, और जितना लिहाज उसकी जरूरत का उनको होगा, मैं समझता हूं अपने दिल में कि मुझ को भी उतना ही है, और मैं उन्हीं के

[हाफिज मुहम्मद इब्राहीम]

बराबर उड़ीसा की खिदमत करने को अपना फर्ज समझता हूं । उन्हीं के बराबर पंजाब की खिदमत करना अपना फर्ज समझता हूं । और मैं यह अपना फर्ज समझता हूं इन्सान होने के लिहाज से । अगर मैं गवनमेंट में न भी होता तो भी मैं यह न सोचता कि उड़ीसा तबाह हो जाये और खराब हो जाये । मेरा दिल तो तब भी दुखता क्योंकि मैं हिन्दुस्तान का रहने वाला हूं, मुझ को इस मुल्क से मुहब्बत है, मैं इस मुल्क में पैदा हुआ हूं और मेरी आयंदा नसलें इस मुल्क में रहेंगी । मैं कैसे सोच सकता हूं कि उड़ीसा से मेरा कोई वास्ता नहीं है । अगर मैं गवर्नमेंट में न भी होऊ तो भी इस मुल्क का बाशिन्दा होने के लिहाज से मेरा उससे ताल्लुक है और इसलिए मैं अर्ज करूं कि किसी को यह खयाल नहीं करना चाहिए कि कोई शख्स इस तरह सोचेगा और उड़ीसा की जो खिदमत हो सकती हो वह नहीं करेगा । मैं यह भी अर्ज करूंगा कि क्या किया गया है ।

लेकिन हमारे काम करने की भी कुछ हदें मुकर्रर हैं जिनको कास्टीट्यूशन बनाने वालों ने कायम किया है और आज भी हम उनको मानते हैं और उनके मुताबिक अमल करते हैं । लेकिन अगर हम उन हदों को किसी मामले में भूल जायें और उनको छोड़ बैठें तो मैं कहता हूं कि क्या वह कांस्टीट्यूशन की वक्त होगी या उसकी जिल्लत होगी । मैं तो समझता हूं कि वह उसकी जिल्लत होगी ।

एक बात मैं और अर्ज करूं कि इस हाउस में वही बातें कही जानी चाहिएं थीं जिनसे कि सेंटर का ताल्लुक था इस मामले में । सेंटर का ताल्लुक फाइनेंशल असिस्टेंस से था उसके बारे में कहा जाता, या टेकनिकल असिस्टेंस के बारे में कहा जाता । क्योंकि इस मामले में इन्हीं चीजों से सेंटर का ताल्लुक है । लेकिन यहां कहा गया कि फलां जगह यह हुआ और वहां की गवर्नमेंट ने उस वक्त जो कुछ किया वह गलत था और जो सही था वह नहीं किया । तो मैं तो इस में सिर्फ एक काम कर सकता हूं और उसके अलावा और कुछ नहीं कर सकता । अगर मेम्बर साहब स्टेट गवनमेंट से कुछ कराना चाहते हैं तो जो बातें उन्होंने यहां कही हैं उनको मुझे लिख देते और मैं उनकी यह खिदमत अंजाम दे देता कि मैं स्टेट गवर्नमेंट को लिखता, उनको कहता और समझाता और वह काम कराने की कोशिश करता । इसके अलावा मैं क्या कर सकता हूं । और वह मैं अब भी करने को तैयार हूं । जिन जिन साहबान ने यहां कहा है मैं उनको इनविटेशन देता हूं कि वह जो-जो चाहते हैं उसके बारे मे मुझ को लिख दें और जो कुछ मैं कर सकता हूं वह करने की कोशिश करूंगा । इससे ज्यादा इस वक्त नें अर्ज नहीं करना चाहता क्योंकि उसमें वक्त भी लगेगा और और बात जो मुझे कहनी है वह रह जायेगी ।

जहा तक उड़ीसा का ताल्लुक है एक बात मैं बतलाऊ जो शायद दिलों में होगी कि सेंटर ने उड़ीसा की कोई मदद की है या नहीं, पैसे से रुपये से । उनको मदद दी गयी है । इस वक्त तक दो करोड़ रुपया उनको दिया गया है और इस में से एक करोड़ तो लोन है । ऐसी मदद भी हो सकती है जिस पर सूद भी न चले और जिसकी वापसी भी न हो, वह भी स्टेटों को दी जाती है और उसका जिक्र भी एक साहब कर रहे थे । ऐसी मदद भी दी जा सकती है । अभी जो रुपया दिया गया है इसमें से देखा जायेगा कि जो खर्च होता है उसमें से किस हिस्से को लोन रखा जाये और किसको ग्रांट माना जाये । फिलहाल उनको दो करोड़ रुपया दिया गया है ।

एक माननीय सदस्य : यह तो बहुत थोड़ा होगा ।

हाफिज मुहम्मद इब्राहीम : मैं अर्ज करूंगा कि हो सकता है कि थोड़ा हो और

वहां की जरूरत ज्यादा हो । लेकिन इस देने के बाद आगे और देना बन्द तो नहीं हो जाता । अगर उनकी जरूरत ज्यादा है तो वह हम को मजबूर कर के २५ दफा और ज्यादा ले सकते हैं । यह देना कोई अहसान के लिहाज से मैं नहीं कह रहा हूं । जो उनको जिस मदद की जरूरत है वह देनी चाहिए । अभी उनको दिया गया है और जो ज्यादा से ज्यादा उनकी खिदमत हो सकती है वह की जायगी । लेकिन उसी के साथ इसका भी खयाल रखा जाये कि कहीं उड़ीसा की गवनमेंट या हिन्दुस्तान की और दूसरी लोकल गवर्नमेंट्स यह न समझने लगें जायें कि जब भी मुसीबत आयगी तो सेंटर से रुपया आ जायेगा हमको कोई फिक्र नहीं करनी है । मैं किसी खानदान में हूं और मेरे बाप दादा कमाते हैं और मैं समझता हूं कि वह मेरी मदद कर सकते हैं, लेकिन मेरा भी तो फर्ज है कि मैं खुद भी कमाने लायक बनूं, मुझ को भी तो यह महसूस करना चाहिए कि मैं भी अपनी जरूरतों को अपने आप पूरा करने लायक बनूं । जो दूसरों की मदद के सहारे अपने को डाल देता है वह निकम्मा और बेकार हो जाता है । मैं नहीं चाहता कि हमारी स्टेट गवनमेंट्स इस तरह से निकम्मी और बेकार हो जायें और खुद अपने आप अपनी जरूरतों को पूरा करने की कोशिश न करें ।

अब आप मुलाहिजा फरमाएं कि फ्लड का सबजेक्ट तो स्टेट का है । तो मैं उड़ीसा के बाबत अर्ज करूं कि उड़ीसा में फ्लड के बारे में क्या हुआ और टेकनिकल असिसटेंस के बारे में क्या हुआ । जो मोशन है उसमें इन्हीं बातों का हवाला दिया गया है । इस वक्त मैं उसके बारे में अर्ज करता हूं ।

जहां तक टेकनिकल असिसटेंस का ताल्लुक है उसके मानी तो सिर्फ इतने होते हैं कि अगर किसी स्टेट को किसी टेकनिकल आदमी की अपने किसी काम के वास्ते जरूरत हो सेंटर वह आदमी उन को दे दे, नम्बर वन ।

दूसरी बात यह है कि स्कीम्स् के मुताल्लिक जो उनको मशविरे की जरूरत हो वह मशविरा उन को मिल जाये । यह दोनों किस्म के मशविरे आज उड़ीसा राज्य को दिये जा रहे हैं । इस वक्त उड़ीसा में एक टेकनिकल एडवाइजरी कमेटी बनी हुई है और उसका एक मेम्बर सेंट्रल आफिसर है जो कि उन के साथ उस कमेटी में बैठ कर वहां के मुताल्लिक काम करता है । वह कमेटी क्या करती है ? वह कमेटी करती यह है कि जितनी स्कीम्स् वहां पहुंचती हैं उन तमाम स्कीम्स् को वह टेकनिकल प्वांट आफ व्यू से जांच-पड़ताल कर के देखती है कि आया वह सही है या गलत हैं । अगर कोई स्कीम उस ने पेश की है और वह दस लाख से कम खर्च की है तो उस की कहीं पूछ नहीं है वह वहीं उड़ीसा में ही खत्म कर दी जाती है, खत्म होने के मानी यह है कि उसके ऊपर कोई देख-भाल और जांच-पड़ताल नहीं होगी । लेकिन कोई स्कीम अगर दस लाख रुपये से ऊपर की है तब वह यहां सैंटर के पास आयगी और हमारे यहां सेंट्रल कमिशन में उस की जांच होगी और जांच पड़ताल के बाद अगर वह स्कीम सही और ठीक पायी गयी तो वह फाइनशिएल असिस्टेंट्स के वास्ते उसकी सिफारिश कर देगा । यह टेकनिकल हैल्प है जो कि आपके सैंटर से स्टेट को दी जा रही है ।

जहां तक स्कीम्स् का ताल्लुक है यहां सैंटर से उन के लिए १२० फलड्स स्कीम्स मंजूर हुई जिनका कि खर्चा १११ लाख रुपये है । उन १२० स्कीम्स् में से ८७ स्कीमे इस वक्त तक पूरी हो चुकी हैं । यह मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि यहां पर यह भी कहा जा रहा था कि अभी जो वहां बाढ़ें आई हैं तो इस से पहले वहां फलड्स को रोकने या लोगों को उस से बचाने अथवा

[हाफिज मुहम्मद इब्राहीम]

लोगों को आराम देने का इंतजाम नहीं किया गया । इस के लिए मैं यह अर्ज कर रहा हूं कि इतनी स्कीमें उड़ीसा में खास फ्लड्स के लिए ही थीं । ८७ स्कीमें उन में से वहां बन कर पूरी हो चुकी हैं । ३० स्कीमें ऐसी हैं जिन के कि ऊपर इस वक्त काम जारी है । वह स्कीम क्या थी ? वह एमबैंकमेंट्स के बनाने की स्कीम थी और उसी के साथ साथ ड्रेनेज की ठीक करने की जिन की उड़ीसा के अन्दर जरूरत है । उस लिहाज से वह स्कीम तजवीज की गई और वह स्कीमें बनीं और उन के ऊपर वहां काम हो रहा है । फिर उड़ीसा गवर्नमेंट ने पिछले साल एक कमेटी बैठाई ताकि महानदी का जो डेल्टा है उस के मुताल्लिक जांच करे और फ्लड्स वगैरह की निस्बत रिपोर्ट दें । उस कमेटी में भी सेंटर का आदमी है और उस कमेटी को जो अधिकार दिये गय थे उस अखित्यार को बढ़ा कर और ज्यादा अख्तियार उस कमेटी को दे दिये गये । उसको सिर्फ महानदी के डेल्टे तक ही महदूद नहीं रखा बल्कि जो बाकी रिवर्स हैं उन के जो डेल्टाज हैं उन के मुताल्लिक भी उसको जांच पड़ताल करने का अधिकार दे दिया । मेरे यह सब बतलाने का मतलब यह है कि यकीनन वह सब काम वहां पर हो रहा है जो कि होना चाहिए था ।

Shri P. K. Deo: I just wanted to know what steps are being taken to dredge the river mouths to clear them of the sand dunes?

हाफिज मुहम्मद इब्राहीम : अब इस में जरा सब्र की जरूरत है । काम जो दुनिया में होते हैं वे इस तरह से नहीं हो जाते कि सब काम एक साथ एक वक्त में हो जांय । अगर दुनिया में कभी कोई गड़बड़ी न होती और बाढ़ जैसे वाकये दरपेश न आते और बिलकुल अमनो-अमान रहता तो फिर आज हम इंसानों की जमात बिलकुल बेकार बैठी हुई होती । हम और आप यहां बैठ कर यह काम न करते अगर इंसान के करने के लिये दुनियां में काम बाकी न रहे । यह मायूसी की बात नहीं है, शिकायत की बात नहीं है और इस में शिकायत करने की कोई बात नहीं है क्योंकि जो काम कल नहीं हुआ वह आज जरूर होगा और वह जरूर किया जाना चाहिए तो उस में शिकायत की क्या बात है.....

Shri Surendranath Dwivedy: Has any attempt been made?

हाफिज मुहम्मद इब्राहीम : जी हां कोशिश हो रही है ।

श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी : वह कोशिश कब से होगी ?

हाफिज मुहम्मद इब्राहीम : मुनासिब वक्त पर कोशिश होगी ।

श्री प्र० के० देव : वह मुनासिब वक्त कब आयेगा ?

हाफिज मुहम्मद इब्राहीम : अब हर एक चीज के करने की शर्त यह है कि जब उसको करने का ठीक वक्त आये तो उसको करना चाहिए । जब भी मौजूं वक्त आये उसको करने का, उसको करना चाहिए .....

एक माननीय सदस्य : अभी तक क्या ठीक वक्त नहीं आया ?

हाफिज मुहम्मद इब्राहीम : अभी मुनासिब वक्त नहीं आया तो यह मेरा और आपका कसूर नहीं है । जमाना तो हर किस्म का आकर रहेगा । वह कोई बुलाने से नहीं आया करता । वह तो अपने-आप आता है ।

खैर, यह तो मैंने अर्ज कर दिया । अब हीराकुड के बारे में मैं अर्ज कर दूं कि वहां

जो बांध बन कर तैयार हुआ उससे पावर का बैनीफिट मिलने वाला है। *(Interruptions)* आप समझते नहीं हैं। बाढ़ जो चीज है और जो उसकी हकीकत है वह शायद उसे समझते नहीं हैं। अब इसलिए कि जो एक चीज वहां कर दी तो आदमी यह समझे कि यह इस वजह से खत्म हो गई। अव्वल तो आपको अहसास नहीं हुआ। मैं बतला रहा हूं कि जरा सब्र से मेरी बात सुनिय। अब हीराकुड ने वहां पर बड़ी सर्विस की है। हीराकुड की स्कीम इसलिए बनी कि फ्लड कंट्रोल में भी उससे मदद मिले, पावर भी मिले और इर्रीगेशन भी उससे हो। अब यहां उसने अपने उस फंक्शन को पूरा किया या नहीं, जो वक्त आ कर पड़ा वह वक्त के ऊपर काम दिया या नहीं तो जो स्कीम इस गरज से बनाई गई थी उसको निस्बत अर्ज कर रहा हूं कि शायद ११ लाख क्यूजेक के फलड्स को उस ने साढ़े ५ लाख का कर दिया। अब दूसरे आदमियों को नहीं मालूम होता कि.....

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी : नराज में कितना पानी गया ? Twelve lakh cusecs of water at Naraj head. It may be 5 lakhs in Hirakud. That is the case everywhere.

Hafiz Mohammad Ibrahim: I have not followed.

Shri Surendranath Dwivedy: Shall I explain?

Mr. Chairman: Please allow the hon. Minister to proceed.

हाफिज मुहम्मद इब्राहीम : खैर तो मैं यह अर्ज कर रहा था कि जहां तक उड़ीसा का ताल्लुक है फ्लड्स के सिलसिले में वहां हर तरीके का काम जो आज सिर्फ हिन्दुस्तान में ही नहीं बल्कि तमाम दुनिया भर में किस्म किस्म की तदाबीरें इस्तेमाल की जाती हैं बाढ़ों को रोकने के वास्ते, उनको काम में लाया जा रहा है।

अब मेरे भाई ने यह शिकायत की कि पंडित जी ने फरमाया था कि यह बाढ़ें कुदरत के करिश्मे हैं और जो प्रोग्रैसिव कंट्रीज हैं वहां पर भी बाढ़ों को आने से रोका नहीं जा सका है। आप इस सबजक्ट के ऊपर किताबें पढ़िये, लिटरेचर का मुताला कीजिये और इस पर स्टडी कीजिये तो उससे आपको मालूम हो जायगा कि यह तो नामुमकिन है कि हम बाढ़ों को दुनिय से नाबूद कर दें और बाढ़ दुनिया में आये ही नहीं। अभी तक इंसान उस दर्जे पर नहीं पहुंचा है। यह राय है उन सब मुल्कों की जो कि आज तालीमयाफ्ता और तरक्कीयाफ्ता और बड़े मुहज्जब माने जाते हैं। अब पंडित जी कहें या मैं एक अदना शख्स कहूं यह बात बनी हुई है कि दुनिया के जो बेसिक प्रिंसिपल्स हैं, फंडामेंटल बातें हैं वह कायम रहती हैं और मिटती नहीं हैं लेकिन हो सकता है कि कोई एक ऐसा जमाना आये जब कि आगे चल कर वह गलत साबित हो जायें। मैं यह नहीं कहता कि वह बदल नहीं सकते। हो सकता है कि ५००० साल के बाद कोई ऐसा जमाना आये जिसमें कि आदमियों को ही बदलने की तदबीरें होने लगें।

17 hrs.

लेकिन इस वक्त तक इंसान की जो अक्ल की पहुंच है उससे यह बात नहीं निकलती कि दुनिया से बाढ़ नाबूद हो सकती हैं और फ्लडस न आयें यह कोई नहीं कर सकता है। अलबत्ता उनके मुताल्लिक यह तो हो सकता है कि अगर वे आयें तो उनसे लोगों की हिफाजत करने और उसके होने वाले नुकसान से और तबाही से बचाने की तदबीरें इंसान कर सकता है और यकीन मानिये वह सब तदबीरें हम कर रहे हैं। कम से कम नुक्सान उन फ्लड्स से पहुंचे इसके वास्ते कोशिश की जा सकती है और मैं समझता हूं कि उसको करना हमारा फर्ज और ड्यूटी है। उसको

[हाफिज मुहम्मद इब्राहीम]

